दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 04, अंक 183

शनिवार

05.07.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 2 रुपये

**सुविचार**

जिस मित्र की आपके दुश्मन के साथ बैठक हो, उस मित्र से सदैव सावधान रहना चाहिए!

ताजा खबरों के लिए देखें

# अंबा प्रसाद सहित 4 लोगों के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग) :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद सहित 4 लोगों के घरों में ईडी की छापामारी शुक्रवार को की गई। ईडी के अधिकारियों द्वारा संबंधित ठिकानों पर 8 से 10 घंटे तक जांच पड़ताल की गई। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के समाधान भवन से ईडी की टीम शुक्रवार की संध्या 4:15 बजे रवाना हुए। बड़कागांव में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास, बड़कागांव के मंटू सोनी के घर, शिबाडीह निवासी आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव व बालू व्यवसाय मनोज दांगी, शिवाडीह गांव के ही बालू व्यवसाय पंचम कुमार के आवास में ईडी का छापामारी किया गया। सूत्रों के अनुसार छापामारी का कारण आरकेटीसी का ट्रांसपोर्टिंग ,बालू कारोबार व जमीन संबंधित कागजात से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास के पास ईडी के कुछ अधिकारी सुबह 5:00 बजे सुबह से टहल रहे थे।उसके बाद 20 से 22 की संख्या में ईडी के अधिकारी की टीम 6 बजे सुबह आई। मामला सुनकर पूर्व विधायक निर्मला देवी पहुंची। ईडी के अधिकारियों ने निर्मला देवी को एक पंचनामा देकर चले गए। बालू व्यवसाय पंचम कुमार एवं आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव व बालू व्यवसाय मनोज दांगी के घर भी ईडी के अधिकारी पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार दो इनोवा कार से अधिकारी पहुंचे थे। जिसमें से एक महिला अधिकारी भी मौजूद थी। मनोज दांगी के घर में भी दिन भर ईडी के अधिकारियों द्वारा पूछताछ एवं जांच पड़ताल किया गया। एक रिश्तेदार ने पत्रकारों को बताया कि वह खाने के संबंध में पूछने के लिए गया था लेकिन नहीं मिलने दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार पंचम कुमार के घर में भी दिन भर जांच पड़ताल किया गया। ग्रामीणों के अनुसार पंचम कुमार के भाई नितेश कुमार को अधिकारियों द्वारा हजारीबाग भी ले जाया गया। समाधान भवन में जांच किए गए पंचनामा में खड़ी एक बोलेरो वाहन एक एंबुलेंस, दो डीजल टैंकर से संबंधित पूछताछ एवं कुछ कागजात ले जाने की उल्लेख किया गया है। हालांकि चारों ठिकानों से ईडी की टीम ने कुछ ना कुछ संबंधित दस्तावेज ले जाने की खबर है।

> **ग्रामीणों के अनुसार पंचम कुमार के घर में भी दिन भर जांच पड़ताल किया गया। ग्रामीणों के अनुसार पंचम कुमार के भाई नितेश कुमार को अधिकारियों द्वारा हजारीबाग भी ले जाया गया। समाधान भवन में जांच किए गए पंचनामा में खड़ी एक बोलेरो वाहन एक एंबुलेंस, दो डीजल टैंकर से संबंधित पूछताछ एवं कुछ कागजात ले जाने की उल्लेख किया गया है।**

## दबाव बनाने के लिए लगातार ईडी पहुंच रही घर : अंबा प्रसाद

**रांची :** बड़कागांव विधानसभा की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के घर ईडी ने छापेमारी की। ईडी को वहां से कुछ भी हासिल नहीं हो पाया। यह दवा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने किया है। उन्होंने ईडी की छापेमारी के दौरान एक ट्वीट किया और कहा कि उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग की एडवाइजरी काउंसिल में वरिष्ठतम नेताओं के साथ जगह मिली है। बिहार इलेक्शन में भी उन्हें बड़ा दायित्व पार्टी ने दिया है। बंगाल में भी उन्होंने कई राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। यह सब देखकर विपक्षियों की हालत खराब हो रही है। दबाव बनाने के लिए ईडी से छापेमारी कराई गई। पिछले बार भी जब छापेमारी हुई थी तब चुनाव का वक्त था। उस समय भी ईडी को कुछ नहीं मिला। वर्तमान समय में भी बैरन ही लौटे हैं। अंबा प्रसाद ने यह भी कहा कि ईडी की छापेमारी तो मात्र 1 घंटे तक चली। 5 घंटे वे सिर्फ बैठकर इंतजार करते रहे। 6 घंटे के बाद वे लोग खुद ही वापस चले गए।बता दें कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू कांग्रेस पार्टी के एक कद्दावर नेता हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी का प्रोजेक्ट जब से शुरू हुआ है तब से उनपर दबाव बनाया जाता रहा है। भाजपा की सरकार जब झारखंड में थी, तब योगेंद्र साहू को जिला बदर तक कर दिया गया था। लेकिन वर्तमान समय में एनटीपीसी गलत तरीके से लोगों की जमीन हड़पने का काम कर रही है। एनटीपीसी प्रबंधन प्लांट क्षेत्र का विस्तार करते हुए केरेडारी के उस एरिया में पहुंच गई हैं जहां जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है। वे लोग ग्रामीणों की जमीन पर हड़पना चाहते हैं। उस इलाके में योगेंद्र साहू की जमीन पड़ती है। जिसकी वजह से उनका विरोध खुलकर सामने आ गया है। उन्होंने साफ कहा है कि जब तक एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण का गजट सार्वजनिक रूप से उन्हें नहीं दिखती है, उस क्षेत्र में कंपनी को काम करने नहीं देंगे। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने संदेह जाहिर किया है कि शायद कंपनी के काम को लेकर ही केंद्र सरकार एक बार फिर उनके परिवार पर दबाव बनाना चाहती है। यही वजह है कि ईडी की टीम को उनके घर में भेजा गया है।पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आरकेटीसी कंपनी के साथ मेरा और मेरे परिवार का नाम जोड़ा जा रहा है। लेकिन यह सारी बातें भ्रामक और तथ्य से परे है। इस कंपनी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। जहां तक बात संजीव साहू, मनोज दांगी और पंचम का है, उन लोगों से भी उन्हें चुनाव में धोखा ही मिला है। उन लोगों से उनकी कोई बात भी नहीं होती।

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फुड प्वाइजनिंग**

# दर्जनों बच्चियां बीमार, भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से बुधवार को एक चिंताजनक घटना सामने आई, जब फूड पॉइजनिंग के कारण सैकड़ों छात्राएं बीमार पड़ गई। जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शुरुआती जांच में पता चला कि छिपकली गिरा हुआ खाना खाने से छात्राओं की हालत बिगड़ी है। वहीं घटना का पता चलते ही उपायुक्त अंजली यादव सदर अस्पताल पहुंची और बच्चियों का हाल जाना।

साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह नाश्ते में छात्राओं को चूड़ा और सब्जी परोसी गई थी। नाश्ता करने के करीब 10 मिनट बाद ही कई छात्राओं को चक्कर आने लगे, उल्टी और सिरदर्द, पेटदर्द की शिकायत होने लगी।

जब एक के बाद एक बच्चियां बीमार पड़ने लगीं, तो स्कूल प्रबंधन के हाथ-पांव फूल गए और तत्काल एम्बुलेंस से सभी को गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि एक बच्ची ने बताया कि उसने मिर्च समझ कर छिपकली की पूंछ खा ली। जैसे ही उसे एहसास हुआ, उसकी तबीयत और भी बिगड़ गई। सोनम नाम की इस छात्रा को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया उसकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है।घटना के बाद सदर अस्पताल का नजारा चिंताजनक हो गया था। एक ही समय में इतनी बच्चियों के आने से अस्पताल में बेड की कमी हो गई, जिस कारण कई बच्चियों का जमीन पर उपचार किया गया। बच्चियों के चेहरों पर डर साफ झलक रहा था, कई बच्चे सदमे में नजर आया हैं। वहीं मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर जुनैद ने बताया कि सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है, ज्यादातर बच्चियों को प्राथमिक इलाज दे दिया गया है, कुछ की हालत थोड़ी नाजुक थी लेकिन अब कुछ हद तक हालात नियंत्रण में है।

पूरे जिले में इस घटना के बाद शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। खाद्य सामग्री की निगरानी, रसोई घर की साफ-सफाई और खानपान की गुणवत्ता को लेकर कस्तूरबा विद्यालय प्रबंधन की बड़ी लापरवाही की बात सामने आ रही है।

## क्विक न्यूज

### भारत-भूटान सीमा पर अवैध लकड़ी और आरा मशीन जब्त

**तामुलपुर (असम) :** भारत-भूटान सीमा पर सशस्त्र सीमा बल, रंगिया ने एक अभियान के तहत अवैध लकड़ी और आरा मशीन जब्त किया है।एक गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। जब्त सामान वन विभाग को सौंप दिया गया है। अभियान में शामिल अधिकारियों के अनुसार विश्वनीय सूत्रों की सूचना के आधार पर यह संयुक्त अभियान चलाया गया। एचके गुप्ता, कमांडेंट 24वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल, रंगिया ने अभियान का कुशल मार्गदर्शन किया। अभियान का नेतृत्व 'जी' समवाय गाइडन चौक के प्रभारी सैयद अफसर ने किया।जबकि एसएसबी और वन विभाग, कुमारीकाटा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सभी के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाया। इस अभियान के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 241/7 से लगभग 9.9 किमी दूर भारतीय सीमा में स्थित तामुलपुर जिले के कुमारीकाटा (बैठामारी, आमबारी) में एक अवैध आरा मशीन, एक जनरेटर सेट और 124.455 सीएफटी गमारी लकड़ी को जब्त किया गया। अभियान के उपरांत, उक्त आरा मशीन, जनरेटर सेट और लकड़ी को वन विभाग, कुमारीकाटा को सौंप दिया गया।

### राष्ट्रपति ने किया डूरंड कप 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया और उन्हें हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर संक्षिप्त संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति होती है। भारत में खेल राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली साधन रहा है। जब ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में तिरंगा फहरता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।राष्ट्रपति ने फुटबॉल के प्रति देशवासियों के विशेष लगाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धीरज और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल की भावना को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने में भी मदद करते हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं।राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने डूरंड कप की परंपरा को जीवित रखने और इसे प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और विश्व के प्रमुख फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक है, जिसकी शुरुआत 1888 में हुई थी। यह प्रतियोगिता देशभर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक उत्सव का अवसर होती है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने छह विशेष समितियों का किया गठन

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को वर्ष 2025-26 के लिए 6 नई विशेष समितियों के गठन की घोषणा की। इन समितियों में दिल्ली नगर निगम पर विशेष समिति, शांति एवं सद्भाव समिति, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर समिति, ट्रांसजेंडर्स एवं दिव्यांगजनों के कल्याण की समिति सहित अन्य समितियां शामिल हैं। इस गठन के साथ ही दिल्ली विधानसभा में कुल समितियों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। इन समितियों का उद्देश्य व्यवस्था को मजबूत करना और उपेक्षित समुदायों की समस्याओं पर केंद्रित ध्यान देना है। गुप्ता ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इन समितियों का गठन चार चरणों में किया गया।

# सड़क हादसे में 3 की मौत, 29 लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में नेशनल हाईवे 98 पर भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 29 मजदूर घायल हैं. गंभीर रूप से घायल 29 मजदूरों को इलाज के लिए रेफर किया गया है. सभी मजदूर धान की रोपनी के लिए बिहार के सासाराम जा रहे थे.मृतकों में से एक राजू भुइयां गढ़वा के चीना के सिगसिगा कला के रहने वाले थे. राजू को एमएमसीएच में मृत घोषित कर दिया गया है. दूसरे मृतक का नाम गुड्डू राम है वो रंका थाना के कंचनपुर का रहने वाला था, जबकि तीसरे मृतक का नाम पूरण भुइयां है, वो रंका थाना के सिगसिगा गांव का रहने वाला था. सभी घायल गढ़वा के चीना के सिगसिगा और रंका के उदयपुरा के रहने वाले हैं.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गढ़वा के रंका और रमकंडा से मजदूरों का जत्था धान की रोपनी के लिए पिकअप पर सवार होकर शुक्रवार को बिहार जा रहा था. इसी क्रम में छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में पिकअप डिवाइडर से टकरा गई. डिवाइडर से टकराने के बाद पिकअप भीषण हादसे का शिकार हो गई.इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक की मौत अस्पताल में हो गई. जबकि 29 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.

**हिमाचल प्रदेश के मंडी में बाढ़ से मचा हाहाकार**

# अब तक 40 लोगों की मौत, 55 लापता

> **आईएमडी ने 5 जुलाई को शिमला, सोलन और सिरमौर के लिए और 6 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, चंबा और मंडी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।**



**एजेंसी**

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की वजह से अब तक 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 55 लोग लापता हैं, खास तौर पर सबसे ज्यादा प्रभावित मंडी जिले में। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, लगातार हो रही बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है और 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। भारतीय मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें 7 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आईएमडी ने 5 जुलाई को शिमला, सोलन और सिरमौर के लिए और 6 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, चंबा और मंडी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो भारी बारिश और संभावित बाढ़ के उच्च जोखिम का संकेत देता है। राज्य के अन्य हिस्सों के लिए येलो अलर्ट प्रभावी रहेगा। विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है, जिससे अचानक बाढ़, भूस्खलन और सड़क जाम होने का खतरा बढ़ सकता है, खासकर पहले से ही बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में। बता दें कि लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मंडी जिले में भीषण आपदा देखने को मिल रही है। यहां अचानक बाढ़ और भूस्खलन से घर और बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए हैं। यहां अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। सड़कें अवरुद्ध हैं और बिजली और पानी जैसी आवश्यक सेवाएं बुरी तरह से बाधित हैं।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की राहत टीमें खोज और बचाव अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इसके अलावा जो गांव बाढ़ और आपदा के कारण कट गए हैं, उन तक हवाई मार्ग के जरिए सहायता पहुंचाई जा रही है।


## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 23° |

# बेहद अजीब है ईडी का केसः सिंघवी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को अदालत में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का यह मामला वास्तव में बेहद अजीब और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा,यह मामला सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि बहुत ही अनोखा है। यह कथित मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है, लेकिन इसमें न कोई संपत्ति है, न संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन।मामले की सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा,हर कंपनी को कानून के तहत अपनी देनदारी हटाने की अनुमति होती है। हमने भी वही किया। हमने एजीएल का कर्ज यंग इंडियन को ट्रांसफर किया ताकि एजीएल कर्जमुक्त हो जाए। उन्होंने बताया कि यंग इंडियन एक गैर-लाभकारी कंपनी है। इसका मतलब यह है कि कंपनी लाभ, बोनस, वेतन या लाभांश नहीं बांट सकती। सिंघवी ने कहा कि ईडी ने वर्षों तक इस मामले में कुछ नहीं किया और अचानक एक निजी शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा,ये लोग कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। अगर नेशनल हेराल्ड किसी गैर-कांग्रेसी संस्था के पास चला जाए तो यह ऐसा होगा जैसे हैमलेट नाटक हो लेकिन उसमें डेनमार्क का राजकुमार न हो। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने 3 जुलाई को कहा कि गांधी परिवार यंग इंडियन कंपनी के लाभार्थी मालिक हैं और अन्य शेयरधारकों की मृत्यु के बाद उन्होंने पूरी कंपनी पर नियंत्रण कर लिया। ईडी ने गांधी परिवार समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग कानून (पीएमएलए) की धारा 3 (मनी लॉन्ड्रिंग की परिभाषा) और धारा 4 (सजा से जुड़ी) के तहत चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के नाम हैं। इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख जल्द तय की जाएगी। कोर्ट को यह तय करना है कि चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाए या नहीं।

# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर के चुराचंदपुर और बिष्णुपुर जिलों में सुरक्षा बलों ने कम से कम 11 गोला-बारूद और युद्ध जैसे भंडार बरामद किए. पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इन हथियारों में एक देशी एके राइफल और मैगजीन, एक लेथोड बंदूक, मैगजीन के साथ 4 देशी पिस्तौल, तीन देशी सिंगल बैरल राइफल, एक देशी स्टेन कार्बाइन और चार पंपी शामिल हैं. पंपी एक व्यापक शब्द है जिसका इस्तेमाल विभिन्न तात्कालिक हल्के हथियारों के लिए किया जाता है.इसके अलावा, पुलिस ने एक बयान में कहा कि गुरुवार को चुराचंदपुर जिले के माओवोम गांव के जंगल से बीपी जैकेट, हेलमेट, एंटीना के बिना बाओफेंग वॉकी टॉकी सेट और एक जोड़ी जंगली जूते सहित सैन्य गियर बरामद किए गए.एक अन्य अभियान में, गुरुवार को बिष्णुपुर जिले के वांगू नाओदाखोंग इलाके से .32 पिस्तौल, दो खाली मैगजीन और .32 मिमी गोला-बारूद के दो जिंदा राउंड बरामद किए गए.



## संक्षिप्त खबरें

### शराब दुकान सरकार संचालित करेगी, तैयारी पूरी, सूची जारी

**रांची**। शराब की दुकानों का संचालन अब सरकार करेगी इसको लेकर उत्पाद विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि दुकान और दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों का भुगतान सरकार ही करेगी। शराब दुकान में शराब की सप्लाई की सरकार द्वारा होगी। उत्पाद विभाग ने इसको लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर करीब 68 शराब की दुकानें संचालित होगी और 9 सर्किल में शहर और ग्रामीण को बांटा गया है। राज्य में खुदरा शराब बिक्री की कुल 1453 दुकानें हैं। अब तक प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए शराब की बिक्री की जा रही थी। अब पूर्व नीति की तरह दुकानों की नीलामी प्रक्रिया के तहत शराब की बिक्री जेएसबीसीएल के जरिए होगी।

### ट्रेड यूनियनों की व्यापक हड़ताल 9 जुलाई को

**रांची**। 4 जुलाई 2025 को रांची में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने केंद्र सरकार की मज़दूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को लेकर अपनी योजनाओं और मांगों को सार्वजनिक किया।कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि केंद्र सरकार मजदूरविरोधी चार श्रम संहिताओं को लागू करने की कोशिशों में लगातार तेज़ी ला रही है। यह संहिताएं न केवल स्थायी रोज़गार को खत्म करती हैं, बल्कि ट्रेड यूनियन के अधिकारों, हड़ताल के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा को भी छीनने की साजिश हैं।प्रेस वार्ता को एक्टू के शुभेंदु सेन, एटक के अशोक यादव, संतोष रजक, सीटू के अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, एस के राय, बेफी के एम एल सिंह, किसान सभा के सुफल महतो, प्रफुल लिंडा, अजय सिंह ने संबोधित किया।

## कृषि मंत्री ने कहा अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को किया जाएगा शो कॉज

**निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली ।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**। राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया . औचक निरीक्षण की सूचना से नेपाल हाउस कार्यालय में हड़कंप का माहौल रहा । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दफ्तर में सभी कोषांग का निरीक्षण किया । इस दौरान कई कर्मचारी , पदाधिकारी और अधिकारी अपने दफ्तर में अनुपस्थित पाए गए । निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आए , वहीं कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते - भागते दफ्तर पहुंचे । बायोमैट्रिक सिस्टम में आज की अनुपस्थिति से संबंधित डेटा को संग्रह किया गया है ।इस डेटा में कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है । इस सूची के आधार पर अनुपस्थित पदाधिकारी और अधिकारियों को शो कॉज जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी । निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे । समय का पाबंद और अनुशासित होना , बेहतर कार्य संस्कृति के लिए जरूरी है . कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

## हजरत अब्बास अपने पिता की तरह बड़े शुजा और बहादुर थे : मौलाना तहजीबुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मस्जिद जाफरिया रांची से अंजुम जाफरिया के तत्वाधान में हजरत अली के पुत्र हजरत अब्बास की शहादत की याद में अलम का मातमी जुलूस निकाला गया। जो चर्च रोड, चुना मंदिर, डॉक्टर फतुल्लाह रोड होते हुए वापस मस्जिद जाफरिया लौटेगा। इससे पूर्व मस्जिद जाफरिया में मजलिस इमामे हुसैन का आयोजन किया गया। इस मजलिस को मुख्य रूप से हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए लश्कर ए हुसैनी के कमांडर हजरत अब्बास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा के भाई-भाई की कुव्वत(ताकत) होता है एक भाई दूसरे भाई का बाजू होता है। इमामे हुसैन के मजबूत बाजू का नाम हजरत अब्बास था। हजरत अब्बास अपने पिता की तरह बड़े शुजा और बहादुर थे। बहादुरी का आलम यह था की 7 वर्ष की उम्र में जंगे सिफीन में दुश्मनों को अली नजर आने लगी। बच्चों कि प्यास बुझाने के लिए पानी लाने जब निकले तो दुश्मनों ने घेर कर ऐसा हमला किया कि आपका दाहिना बाजू(हाथ) कट गया। थोड़ी देर के बाद दुश्मनों ने फिर हमला किया और आपका बाया हाथ भी कट गया। मगर इसके बाद भी आपने कोशिश जारी रखी। ताकि चन्द कतरा पानी बच्चों तक पहुंच जाए। मगर एक तीर ऐसा आया कि मशकिजा छेद हो गया और पानी बह गया। पानी का बहना था की हजरत अब्बास की ताकत ने जवाब दे दिया। और दुश्मनों के हमले में जख्मी होकर आप घोड़े से नीचे गिर गए। और आपकी शहादत कर्बला में हो गई।

ईसी याद में पूरी दुनिया में हजरत अब्बास की अलम निकाला जाता है। अलम का जुलूस जैसे ही मस्जिद जाफरिया से निकाला गया या अब्बास, हाय अब्बास, की सदा से पूरा इलाका गूंज उठा। जुलूस की अगुवाई हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिज़वी कर रहे थे। जुलूस में शामिल अकीलुर्रहमान, मो इस्लाम, पत्रकार आदिल रशीद, सैयद निहाल अहमद, सागर कुमार, सोहेल सईद, तारीक अहमद, अशरफ हुसैन रिजवी, जावेद हैदर, डॉ एम हसनैन, जसीम रिज़वी, शाहरुख हसन रिज़वी, नदीम रिज़वी, फ़राज़, अली अहमद निकी, इकबाल फातमी, शब्बर फातमी, समेत काफी संख्या में लोग साथ चल रहे थे। दिनांक 5 जुलाई को रात्रि 8:30 बजे अलम का मातमी जुलूस अनवर टावर(अंजुमन प्लाजा के बगल) से नियर विश्वकर्म मंदिर लाइन से निकाला जाएगा। जो अंजुमन प्लाजा, डॉक्टर फतुल्लाह रोड होते हुए मस्जिद जाफरिया पहुंचकर संपन्न होगा। 6 जुलाई 10 मोहर्रम का जुलूस मस्जिद जाफरिया परिसर से 1:00 बजे दिन में निकाला जाएगा। जो चर्च रोड, टैक्सी स्टैंड, डेलि मार्केट, उर्दू लाइब्रेरी, अंजुमन प्लाजा, डॉ फतुल्लाह रोड, होते हुए कर्बला चौक स्थित कर्बला पहुंचकर समन्न होगा।

## संतोष कुमार सोनी राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग के प्रदेश सचिव मनोनीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश के अध्यक्षता में संतोष कुमार सोनी को ÷राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग का झारखंड प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉश इमानुअल अमित कुमार गुप्ता, एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश जी ने संतोष कुमार सोनी को बधाई दी। ओम प्रकाश जी ने कहा संतोष सोनी के आने से आयोग को मजबूती मिलेगी और हमारा मुख्य उद्देश्य गरीब व असहाय लोगों का हर संभव मदद करना, समाज में व्याप्त रिश्वतखोरी को रोकना, कन्या हत्या रोकना एवं समाज को जागरूक करना, बाल मजदूरों पर अंकुश लगाना, महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर अंकुश लगाना और आत्मनिर्भर बनाना तथा कानूनी मदद दिलाना, पुलिस प्रशासन का सहयोग से भ्रष्टाचार को रोकना, खाद्य पदार्थों के मिलावट खोरों पर कानूनी कार्यवाही करना, किसी भी प्रकार के अपराध को रोकने में पुलिस प्रशासन का सहयोग से रोकना, नागरिकों को कानूनी अधिकार एवं उचित न्याय में मदद करना, लोगो को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना, समाज में हो रहे व्याप्त श्रमिक शोषण को रोकना, भ्रष्टाचार व उत्पीड़न जैसे मामलों में पीड़ितों की मदद करना। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं आयोग झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश, डॉ0 मनोज कुमार राणा, अश्वनी सोनी, पम्मी सिन्हा, अमलेश कुमार इत्यादि का योगदान रहा।

## मुहर्रम पर्व को लेकर चलाया गया सफाई अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : वार्ड 11 का कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला स्थित जामा मस्जिद और इसके आसपास की गली मोहल्ले में रांची नगर निगम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। बता दे की म मुहर्रम पर्व है और और साफ सफाई को लेकर रांची नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया था कि सभी वार्ड क्षेत्र के मुहल्ले में साफ सफाई किया जाए ,ज़बावजूद इसके कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला में साफ-सफाई में विलम हो रहा था, इसकी जानकारी नगर निगम प्रशासक को दिया गया, सूचना मिलने के दूसरे दिन ही वार्ड 11 के सुपरवाइजर के नेतृत्व में कांटा टोली कुरेशी मुहल्ला जामा मस्जिद, स्कूल, मदरसा, इमामबाड़ा और इसके आसपास की गली में सफाई अभियान चलाया गया ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया।

## सांसद डॉ महुआ माजी ने गुरुजी शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में जाकर और दिल्ली स्थित न्यू झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट की और फिर पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली । माजी ने कहा कि जानकर अच्छा लगा कि गुरुजी की तबीयत में काफी सुधार हो रहा है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे अभिभावक मार्गदर्शक राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन (गुरुजी) जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आएं।गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए सांसद नलिन सोरेन ,मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री इरफान अंसारी , पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर , सांसद विजय हांसदा , झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रभारी मीर सहित कई विधायक उपस्थित रहे।

## प्रोन्नति और एजीपी को लेकर प्रभारी कुलपति से मिला संघ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और फुटाज फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टिचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में वर्ष 2008 बैच के शिक्षकों का एक शिष्टमंडल रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी शुक्रवार को दी। मौके पर शिष्टीमंडल ने प्रभारी कुलपति से 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नणति और एजीपी छह हजार और सात हजार रुपए करने की मांग की।



शिष्टपमंडल में डॉ समीरा सिन्हा कुलपति के समक्ष मांगों को विस्तार से बताया। वहीं डॉ मोहित कुमार लाल ने प्रोन्नयति से संबंधित नियमावलियों का हवाला देते हुए त्वरित कार्यवाही का आग्रह किया। मौके पर प्रभारी कुलपति ने कहा कि वे शिक्षकों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नति और एजीपी छह और सात हजार रुपए करने में संबंधित प्राधिकार को पत्र लिखेंगे। शिष्टमंडल में रांची विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष और फुटाज के महासचिव डॉ राज कुमार, डॉ रीता कुमारी, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ श्वेता सिंह, डॉ रेणु सिंह, डॉ भारती, डॉ नीलू सिन्हा, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ किरण कुमारी सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

## किक बॉक्सिंग टीम ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । दो दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची की टीम ने 2 से 3 जुलाई तक रामगढ़ के कोटर स्थिक इनडोर हॉल में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया।इस अवसर पर रांची जिला किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दिया और सम्मानित करने की घोषणा किया।उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ियों का लगातार प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगितओ में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है।हम अपने खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के नाम पदक प्राप्त करना चाहते है जिसकी तैयारी



चल रही है। प्रतियोगिता में महासचिव गुलाम जावेद एवं टीम कोच साहिल खान उपस्थित थे।रांची जिला का परिणाम इस प्रकार रहा। लडकियों में15 वर्ष 47 कि ग्र में संगीता कुमारी स्वर्ण पदक, 17 वर्ष 38कि ग्र में जूही कुमारी स्वर्ण पदक,16 वर्ष 36 कि ग्र में मणि कुमारी स्वर्ण पदक वहीं लड़कों में 15 वर्ष 81 कि ग्र में आयुष कुमार स्वर्णपदक, 17 वर्ष 57 कि ग्र में रोहित उरांव रजत पदक,16 वर्ष 47 कि ग्र , में शाद कौशर स्वर्ण पदक,13 वर्ष 37कि ग्र में फैजल अंसारी स्वर्ण पदक, 13 वर्ष 35 कि ग्र में प्रिंस राज ताना भगत रजत पदक,15 वर्ष 59 कि ग्र में सर्वजीत कुमार सिंह स्वर्ण पदक 21 वर्ष 50 कि ग्र में मोहन मुंडा स्वर्ण पदक,15 वर्ष 55 कि ग्र में यशराज कच्छप रजत पदक प्राप्त किए।सभी खिलाड़ियों को रांची जिला किक बॉक्सिंग के पदाधिकारी आलोक श्रीवास्तव कमल किशोर कच्छप,नौशाद खान,मनिंदर सिंह,गुड्डु खान,सिंटू कुमार,सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दिया।

## हिनू राजकीय यूनाइटेड उच्च विद्यालय, हिनू में आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची एवं स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आईसीटी 754 परियोजना के अंतर्गत शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज राजकीय यूनाइटेड उच्च विद्यालय, हिनू, रांची में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. संगीता कुमारी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. संगीता कुमारी ने कहा, ÷वर्तमान तकनीकी युग में हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर रहा है और इसका सबसे सटीक उदाहरण मोबाइल फोन है। हमें भी शिक्षकों के रूप में तकनीकी दक्षता प्राप्त करनी होगी, ताकि हम छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने में समर्थ हो सकें। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करें।

स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के एडॉप्शन कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार ने जे-गुरुजी प्लेटफॉर्म की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह झारखंड सरकार द्वारा विकसित एक अभिनव डिजिटल शिक्षा मंच है, जो शिक्षकों और छात्रों को मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल एवं ऑफलाइन संसाधनों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रदान करता है।

प्रशिक्षण में राजकिशोर उच्च विद्यालय मक्का, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय चैनगारा, राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय बरगई, हिनू यूनाइटेड राजकीय उच्च विद्यालय हिनू, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोईनारा, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय नगरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुंदुबेरा एवं राजकीय मध्य विद्यालय कुचु के 33 शिक्षक उपस्थित थे।

## टीबी के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर रखे नजर : डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत डिस्ट्रिक टास्क फोर्स कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन, रांची, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट विभिन्न एमओआईसी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्यवन हेतु तैयार की गयी कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले में 01.07.2025 से अभियान की शुरुआत हो चुकी है, प्रखण्ड एवं जिला स्तर माइक्रोप्लान तैयार कर ली गयी हैं। अभियान के तहत रांची जिले के सभी प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में वल्नरेबल ग्रुप (संवेदनशील वर्ग) के लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा रही है। संवेदनशील वर्गों में अनाथालय, वृद्धाश्रम, झुग्गी-बस्ती क्षेत्र, प्रवासी मजदूर, खनन क्षेत्र,




निर्माण स्थल, आवासीय विद्यालय, जेल में बंद कैदी, पिछले 5 वर्षों के टीबी मरीज, पिछले 3 वर्षों में टीबी मरीजों के संपर्क में रहे लोग, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह (डायबिटीज) मरीज एवं एचआईवी संक्रमित व्यक्ति शामिल हैं। सहिया एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर इन सभी समूहों की टीबी जांच की जा रही है। अभियान के दौरान जिन व्यक्तियों में टीबी के लक्षण पाए जा रहे हैं, उन्हें निःशुल्क जांच, उपचार एवं दवा की सुविधा दी जा रही है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कार्ययोजना अनुरुप अभियान के सफल क्रियान्यवन का निर्देश दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि प्रखंड स्तर पर MOIC एवं जिला स्तर पर सिविल सर्जन/जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी अभियान की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी प्रखण्डों के स्कूल-कॉलेज, पंचायतों में जागरुकता अभियान चलायें और लोगों को बतायें कि टीबी लाइलाज नहीं है, साथ ही उपायुक्त ने टीबी के इलाज के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड़ करनेवाले झोलाछाप डॉक्टरों पर भी नजर रखने के निर्देश दिये। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को जिले में टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण बढ़ाने को कहा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा रांचीवासियों से भी टीबी को जड़ से मिटाने के लिए सहयोग की अपील की गयी है ताकि इस अभियान को सफल बनाकर जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

## मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची के ट्रैफिक में किया गया बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची के ट्रैफिक में छह जुलाई को बदलाव किया गया है। यह बदलाव छह जुलाई को सुबह 10 बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी ने शुक्रवार आदेश जारी कर दिया है।

इन सड़कों पर वाहनों का परिचालन पर रहेगा रोक-

किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक में परिचालन बंद रहेगा। शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा। सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर के तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक में में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। पुरुलिया रोड से सर्जना चौक तक परिचालन बंद रहेगा। एसएन गागुंली रोड,विष्णु




गली, बुधिया गली और राधेश्याम गली से मेन रोड तक परिचालन बंद रहेगा। सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ से आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। कर्बला चौक से रतन पीपी चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। जैप वन कमांडेंट आवास मोड़ से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। मेकॉन चौक से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। तुलसी चौक से अम्बेडर चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। रांची शहर के अन्य मार्गो में भी यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।

## जुमार नदी पर पुल का निर्माण का किया गया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**। कांके प्रखंड के बुदधू बगीचा के समीप जुमार नदी पर पुल का निर्माण होना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अनुशंसा पर 2 साल के अथक प्रयास के बाद पुल का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 4 करोड़ 60 लाख की लागत से इस पुल का निर्माण होगा। आसपास के कई गांव एक दूसरे से जुड़ सकेंगे। बरसात में भी आवाजाही सुगम होगी। इस



अवसर पर विधायक सुरेश बैठा, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अजय बैठा, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, मुखिया राम लखन मुंडा, मंडल भाजपाध्यक्ष प्रभात भूषण भी उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने 15 वीं वित्त आयोग की योजनाओं की जांच की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रानीश्वर :** उपायुक्त के द्वारा प्रखंड अंतर्गत संचालित 15वीं वित्त की योजनाओं की समीक्षा लगातार की जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पथरा में 15वीं वित्त की योजनाओं में व्यय प्रतिशत कम होने तथा योजनाओं में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा जांच की गई। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तरीय गठित जांच कमेटी के द्वारा पथरा पंचायत में 15वीं वित्तीय की योजनाओं की जांच की गई। जिसमें शिकारीपाड़ा प्रखंड में सीआरपी के पद पर पदस्थापित गौरांग साहा के द्वारा बिचौलियों के रूप में कार्य करने का मामला प्रकाश में आया और इसकी पुष्टि भी जांच प्रतिवेदन में और ग्रामीणों के द्वारा की गई। पंचायत सचिव द्वारा भी लिखित रूप में बताया गया की पंचायत के सभी कार्यों में बिचौलियों के रूप में सीआरपी गौरांग साहा का हस्तक्षेप रहता है। जिसके कारण योजनाओं में प्रगति नहीं हो पाती है। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सीआरपी गौरांग साहा के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु उपायुक्त से अनुशंसा की है। इसके अतिरिक्त पंचायत के बड़ा कामती ग्राम में निकासी नाली निर्माण योजना में लाभुक समिति के अध्यक्ष अजय बागती द्वारा भी अनियमितता करने का मामला प्रकाश में आने के बाद जांच करायी गयी और जांच में अनियमितता की पुष्टि होने पर उक्त योजना में भुगतान की गई 15000 रुपए की राशि को 3 दोनों के अंदर जमा करने का निर्देश लाभुक समिति के अध्यक्ष अजय बागती को दी गई। साथ ही कानूनी कार्रवाई करने हेतु अजय बागती से कारणपृच्छा भी किया गया है।

# मुहर्रम को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, कहा शहरी क्षेत्र में ड्रोन से की जाएगी निगरानी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई । बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों से आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों को निर्धारित रूट से ही जुलूस आयोजित करने एवं किसी भी परिस्थिति में रूट ना बदलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आती है, तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी थाना अथवा जिला प्रशासन को दी जाए। उन्होंने शांति व्यवस्था बिगड़ने की घटना होने पर अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना अथवा जिला कण्ट्रोल रूम को देने की बात कही द्य उपायुक्त के द्वारा सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। किसी भी तरह की विधि व्यवस्था के समस्या की सूचना मिलने पर उसके निवारण के लिए त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने शांति समिति के सभी सदस्यों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए जा रहे दिशा-निर्देशों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी अखाड़ों और अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही जुलूस के दौरान लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ताजिया की लंबाई 4 मीटर से अधिक ना हो। बिजली विभाग के द्वारा यथा संभव बिजली नहीं काटी जाएगी। मुहर्रम के दौरान अप्रिय घटना के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के द्वारा ड्रोन से दुमका शहरी क्षेत्र की निगरानी की जायेगी। इस दौरान उपायुक्त ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एवं अग्निशमन अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पितांबर सिंह खेरवार ने अखाड़ा समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे शरारती तत्व जो पर्व के दौरान सौहार्द पूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं उन्हें चिन्हित कर पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर साइबर सेल के द्वारा सतत निगरानी रखी जायेगी द्य सोशल मीडिया में भ्रामक अफवाह फैलाने की कोशिश करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी द्य बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी, शांति समिति के सदस्य, अखाड़ों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनता दरबार में मिले 41 आवेदन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रानीश्वर :** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं अंचल अधिकारी शादां नुसरत की उपस्थिति में प्रखंड सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें प्रखंड से संबंधित मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन योजना सहित कुल 24 आवेदन, राशनकार्ड के 5 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 26 आवेदन को तत्काल निष्पादित करते हुए लाभुकों को जानकारी दे दी गई। अंचल कार्यालय से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, विविध सहित कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 4 आवेदन को तत्काल निष्पादित कर दिया गया। शेष आवेदन पत्रों को नियमानुसार निष्पादन हेतु आवश्यक कारवाई की जा रही है। जनता दरबार में प्रखंड एवं अंचल कर्मी, विद्युत विभाग कर्मी आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामा :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तत्वावधान में प्रखंड सभागार में कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार लोहरा और जिला कोर्डिनेटर ब्रजेश कुमार की मौजूदगी में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यपालक अभियंता श्री लोहरा ने सभी जल सहियाओं को निर्देश दिया कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 के सर्वेक्षण हेतु सबसे पहले जारी किए गए ऐप को डाउनलोड कर सर्वेक्षण फीडबैक तैयार करें, उसके बाद आपके ग्राम में जितने भी लोगों के पास एंड्रॉयड फोन है उन सभी के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 ऐप डाउनलोड करवा कर फीडबैक भरवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जलसहिया इसे अति आवश्यक समझे। कार्यपालक अभियंता श्री लोहरा बताया गया कि यदि आपके गांव में एक सौ घर है तो कम से कम 50 घरों में जरूर एंड्राइड मोबाइल फोन होगा। उन सभी मोबाईलों पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 ऐप डायनलोड करवा कर फीडबैक भरवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा पेयजल के बारे में चर्चा की गई ओर उसका रख रखाव देखरेख करने तथा हर महीने ग्राम जल स्वच्छता समिती की बैठक करने का निर्देश जलसहिया को दिया गया। शोकपीट और नाडेप का उपयोग कैसे करना है इन सभी मुद्दे पर भी चर्चा की गई। मुख्य रूप से सभी जल सहिया के मोबाइल पर स्वच्छ सर्वेक्षण ऐप डाउनलोड कर फीडबैक लेने लिए निर्देशित किया गया। कहा कि सभी जलसहिया को झार जल ऐप पर काम करना हैं। इस अवसर पर जलसहिया पिंकी देवी, मरियम टुडू, महाफूल मरांडी, राजमुनी मुर्म, पिंकी देवी, रीता देवी, सुनीता देवी, मर्शिला हेम्ब्रम सहित दर्जनों जलसहिया उपस्थित थी।

# जनता दरबार में मिले 106 आवेदन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में सर्वजन पेंशन से 28, मंईया सम्मान 50, पूछताछ 27, पारिवारिक लाभ 1 समेत कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए। 47 आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया। शेष आवेदन पत्र पर शीघ्र जांच कर निष्पादन करने का निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिया गया। स्वास्थ्य शिविर का 33 लोगों ने लाभ उठाया। आयोजित जनता दरबार मे मुख्य रूप से आशीष रंजन प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यकर्म पदाधिकारी-पंकज कुमार वर्मा, अमित कुमार लिपिक, मोहित राज, स्वास्थ्य विभाग से सबीना टुडू, पंकज कुमार मंडल, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद जी के पुण्यतिथि पर सिविल सोसायटी दुमका ने श्रद्धासुमन अर्पित की



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा सम्राट परम पूज्य श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद जी के पुण्यतिथि पर सिविल सोसायटी दुमका ने दुमका में स्थापित श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह, रामाकांत साह, मनोज कुमार भालोटीया, सदनलाल वर्मा शामिल थे।

# हल्की बारिश होने पर ग्रामीण सड़के कीचड़ में तब्दील



**मसलिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले एक पखवाड़े से झमाझम बारिश होने पर जहां किसानों में खुशी है। वहीं दूसरी ओर मसलिया प्रखंड के ग्रामीण सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिससे लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। जानकारी के मुताबिक मसलिया प्रखंड के गोड़माला, भालका पहाड़िया टोला, आमगाछी पहाड़, गोलपुर, नुतनपाड़ा, मुर्गाथोल मांझी टोला, मकरमपुर पहाड़िया टोला सहित कई गांव के सड़क की हाल कीचड़ युक्त देखने को मिलता है। झारखंड सरकार ने सभी गांव टोला को मुख्य सड़क के साथ जोड़ने के लिए सड़क पक्कीकरण निर्माण कार्य भले ही मसलिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में युद्धस्तर पर हो रहा है। लेकिन मसलिया प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य गांव के लोग आज भी बरसात के दिनों में जल जमाव के कारण कीचड़ नुमा सड़क पर चलने को विवश हैं।

# ट्रेलर के धक्के से बाइक सवार अधेड़ की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**बीडीओ के आश्वाशन पर लोगों ने हटाया जाम**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**काठीकुंड :** दुमका पाकुड़ मुख्य मार्ग काठीकुंड थाना क्षेत्र के खैरबनी गांव के पास गुरुवार को गिट्टी लदा ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई थी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर दुमका पाकुड़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। बीडीओ के आश्वासन के बाद करीब आठ घंटे बाद लोगों ने जाम हटाया। बता दे कि खैरबनी गांव के पास ट्रेलर की चपेट में आने से काठीकुंड थाना क्षेत्र के चांदोपनी निवासी बासुदेव सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। बाइक सवार की मौत के बाद मुआवजा की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीणों ने दुमका पाकुड़ पथ को जाम कर दिया। करीब आठ घंटे रखे जाम के बाद बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ममता मरांडी, थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार के द्वारा तत्कालव आर्थिक सहायता परिजनों को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार ने सरकारी लाभ का आश्वासन देने के बाद रात करीब 12 बजे परिजनों और ग्रामीणों को समझा कर जमा हटाया। गिट्टी लदा ट्रेलर को प्रशासन द्वारा थाना परिसर लाया गया। मृतक की पत्नी व तीन नाबालिक बच्चे है। जिसका भरण पोषण की जिम्मेदारी मृतक की थी। शुक्रवार को मृतक बासुदेब सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

# बीडीओ डॉ विवेक किशोर ने ढोढली पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामा :** बीडीओ डॉ विवेक किशोर ने गुरुवार को जामा प्रखंड के ढोढली पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत में संचालित मनरेगा, आवास, 15वीं वित्त, राशन एवं पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण कर लाभुकों, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कर्मियों को कार्य में तेजी लाने और समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ डॉ विवेक किशोर ने पंचायत के हरिनगोहाल गाँव में पीवीटीजी योजना के सभी पहाड़ियां लाभुक से सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जिसमें कुछ लाभुकों द्वारा बताया गया कि पेंशन और राशन कार्ड नहीं मिला है। इस पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए बीडीओ ने पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को कैंप कर तीन दिनों के अंदर फॉर्म भरकर प्रखंड कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पंचायत दिवस के दिन पंचायत भवन में दो पंचायत सहायक, एक मोबिलाईजर एवं एक भीएलई अनुपस्थित पाया गया जिस पर स्पष्टीकरण किया गया है। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता सहित पंचायत सचिव रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

# सिविल सोसायटी दुमका के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल सोसायटी दुमका का छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त अभिजीत कुमार सिन्हा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें दुमका नगर परिषद क्षेत्र की जनसमस्याओं जैसे पेयजल, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, अतिक्रमण, विजयपुर में नवनिर्मित विद्युत शवदाह गृह को चालू करने की बात प्रमुखता से बिन्दुवार रखा गया। ज्ञापन में सिविल सोसायटी दुमका ने मांग की कि जल्द से जल्द टीन बाजार भारतरत्न कर्पूरी जी के प्रतिमा स्थल के आसपास साफ सफाई कर जर्जर अवस्था में पड़े प्याऊ को डिमोलिश कर सौंदर्यीकरण किया जाए। मुक्तिधाम में विद्युत शवदाह गृह बनकर तैयार है लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने पर भी यह चालू नहीं हुआ है। अब लोहें से बने दरवाजा भी टुट कर गिरा गया है साथ ही यहां अन्य सामग्री भी नष्ट हो रहे हैं हैं। एक हाई मास्क भी कुछ महीने पूर्व लगा जो आज खराब पड़ा है। चारों ओर झाड़ियों और गंदगी से भरा हुआ है। आमजनों की सुविधा हेतु साफ सफाई के साथ शवदाह गृह को चालू किया जाए। वीर कुंवर सिंह चौक पर सब्जी बेचने वाली महिलाओं को चौक से हटाकर मंदिर तरफ बिठाया गया था किंतु दो ही दिन में जहां थे वहीं आ गए। प्रतिनिधि मंडल ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शुतांशु खालको के कार्य शैली पर सवाल उठाया। प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसाइटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केसरी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह, रामाकांत साह, मनोज कुमार भालोटीया शामिल थे।

# नजरी नक्शा बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रानीश्वर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार शुक्रवार को बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा बनाने हेतु प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान केंद्र के सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, प्रखंड समन्वयक एवं आमीन शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सभी मतदान क्षेत्र की स्पष्ट पहचान के लिए तथा मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र का एक नजरी नक्शा और की मैप 7 जुलाई तक तैयार कर लिया जाना है। नजरी नक्शा और की मैप बनाने के दौरान कुछ त्रुटियां आ रही थी जिसे सुधार करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में नजरी नक्शा और की मैप बनाने हेतु निर्वाचन शाखा दुमका के हेल्प डेक्स मैनेजर निलेश कुमार द्वारा उपस्थित सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी, अमीन, निर्वाचन शाखा के ऑपरेटर आदि शामिल थे।

# इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम यूथ कमिटी ने किया रक्तदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** मुस्लिम यूथ कमिटी के द्वारा इमाम हुसैन की याद में जुम्मा के नमाज़ के बाद ब्लड डोनेशन कैंप कराया गया। जिसमें अंजुमन इस्लामिया के सदर परवेज अली अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एकरामुल हसन आलम, सीनियर अधिवक्ता राजा खान, शारीक आलम, जिला क्रीड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष फरीद खान, डॉ नुरुल हुदा एवं बहुत सारे मुस्लिम युवाओं ने ब्लड डोनेशन करके लोगों की भलाई के लिए अपना योगदान दिया। मौके पर अफ़रीद खान, जैकी अंसारी, असलम खान, दानिश खान, कामरान मुशर्रफ, जीशान मुशर्रफ, इमरान हैदर, इरशाद खान, तस्लीम खान, आदिल खुर्शीद ने ब्लड डोनेशन करने वाले लोगों को बधाई दी और इस तरह के नेक काम लगातार करने की अपील की। रक्तदान शिविर में 15 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदाताओं ने कहा आगे भी इस प्रकार के कैंप का आयोजन संस्था द्वारा किया जाएगा।


# पोषण सखी संघ की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी पोषण सखी संघ प्रखंड इकाई शिकारीपाड़ा की बैठक इंडोर स्टेडियम प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनीता मुर्मू ने की। बैठक में प्रदेश संरक्षक विजय कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संरक्षक विजय कुमार दास ने कहा कि पोषण सखी का सेवा झारखंड सरकार के द्वारा वापस किया है। जिससे खुशी का माहौल है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्थानीय विधायक बसंत सोरेन, जामा के विधायक डॉ लोइस मरांडी के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक में पांच सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। जिसमें घोषणा किया हुआ मानदेय लागू करने, ड्रेस कोड लागू करने, 20 लाख बीमा योजना देने, 29 महीने का लंबित मानदेय देने, काम करने के लिए मोबाइल रजिस्टर देने, समान काम समान वेतन लागू करते हुए 18000 देने की मांग पर चर्चा की। बैठक में सुनीता मुर्मू, सोनामुनी, सुहासिनी, सावित्री मरांडी, आशा पाल, अमृता सिंह आदि उपस्थित थी।

# 7 दिनों के बाद अज्ञात अधेड़ व्यक्ति के शव की हुई पहचान



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरमुंडी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। शुक्रवार को मृतक की पत्नी पार्वती देवी, भतीजी सोनमती कुमारी ने पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखे शव की पहचान की। मृतक मनोज राय(42) जामा थाना क्षेत्र के हररखा गांव का रहनेवाला था। मृतक की पत्नी ने बताया वह 24 जून को काम करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं पहुंचा। घर वाले उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को किसी ने जानकारी दी कि मनोज का एक्सीडेंट हुआ था। स्थानीय लोगों की सहायता से जरमुंडी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया था।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

## प्रशांत ने 80 वीं बार रक्तदान कर गर्भवती महिला की बचाई जान



**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में शुक्रवार को उमा अमृता फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत शेखर ने सकलीगली की रहने वाली गर्भवती महिला प्रीति कुमारी को रक्तदान कर जान बचाई। महिला झूमावती अस्पताल में एडमिट थी। जानकारी के अनुसार सदर हॉस्पिटल में ए पॉजिटिव उपलब्ध नहीं था। जिसकी वजह से गर्भवती महिला का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था। इसकी सूचना जब प्रशांत शेखर को प्राप्त हुआ तो वे स्वयं अस्पताल जाकर रक्तदान किए। मरीज के परिजनों ने संस्था का एवं प्रशांत का आभार प्रकट किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन शुभम गोस्वामी, रणधीर कुमार, विकास कुमार, आलोक कुमार मौजूद थे। खुशी की बात तो यह रही कि प्रशांत ने 80वीं बार रक्तदान किया। प्रशांत ने कहा जब तक स्वस्थ रहेंगे, रक्तदान करते रहेंगे। रक्तदान करने से कोई नुकसान नहीं होता हमारे शरीर को इससे हमें फायदा ही पहुंचता है। शुक्रवार को उनके संस्था के द्वारा आठ अलग-अलग मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाया गया है।

## मंडरो क्षेत्र में पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के 33/11Kv का विद्युत शक्ति उपकेंद्र नामनगर, सिमरा के मंडरो फीडर के सभी क्षेत्रों में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता के अनुसार पांच, आठ व नौ जुलाई को मंडरो फीडर में विद्युत संबंधित मरम्मती का कार्य किया जाएगा।

## बोहरा मोड़ पर एक युवक की कर दी पिटाई, अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तालझारी थाना क्षेत्र के बोहा मोड़ के पास बीते गुरुवार की शाम एक युवक के साथ मारपीट की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर घायल कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक बोहा मोड़ के पास के रहने वाला विनोद कुमार सिंह (35) है। घायल ने बताया कि वे अपने घर जा रहा था। इस बीच विजय, उदय व एक अन्य युवक दूसरे तरफ से आ रहे थे। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसपर उक्त तीनों ने लठा डंडा से प्रहार कर घायल कर दिया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जहरीली दवा खाने से एक महिला हुई बीमार

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महादेवगंज में गुरुवार की रात जुं मारने की ज़हरीली दवा खाने से एक महिला की हालत गंभीर हो गई है। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला महादेवगंज की रहने वाली है। परिजनों के अनुसार महिला ने गलती से जु मारने की दवा ख ली। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। वही महिला का इलाज चल रहा है।

## ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वाला युवक को आरपीएफ ने दबोचा

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहिबगंज आरपीएफ ने शुक्रवार को नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला से एक युवक को ट्रेन में पत्थरबाजी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। युवक मिथुन कुमार है। आरपीएफ कमांडेंट गुलाम सरवर ने बताया कि आए दिन पश्चिम रेलवे फाटक के निकट शरारती तत्वों द्वारा ट्रेन पर पत्थरबाजी किया जाता है। इसे लेकर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान दहला के मिथुन कुमार को पत्थर बाजी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## हाइवा का डाला चालक के उपर गिरा, स्थिति नाजुक

**राजमहल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुनिहारी पंचायत के मंडई, बेगमपुरा के समीप फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कर रही निर्माण कंपनी के हाइवा चालक गिरीडिह जिले के जोड़ा साख गांव निवासी कृष्ण कुमार (25) हाइवा के डाला से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह हाइवा में मिट्टी लेकर निर्माण कार्य स्थल में डाला उठाकर मिट्टी खाली कर रहा था। काफी देर लगने के कारण वह उतरकर डाला के पास जाकर देखने लगा कि इतना देर क्यों हो रहा है। तभी अचानक वाहन का डाला उसके ऊपर ही गिर गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# बरहरवा रेल हादसा : रेलवे की लापरवाही ने टाली जा सकने वाली दुर्घटना को बनाया भयावह

### स्टोन चिप्स लोड मालगाड़ी के 20 डिब्बे इस हादसे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, हादसे को देखने से ही लापरवाही का नमूना दिखता है

तौकीर राज@प्रभात मंत्र

**साहिबगंज :** बरहरवा रेल रैक लोडिंग प्वाइंट पर गुरुवार की सुबह हुई मालगाड़ी दुर्घटना ने रेलवे की लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। स्टोन चिप्स से लदी मालगाड़ी के 18 डब्बे ढलान से अचानक लुढ़कते हुए पटरी से उतर गए, जिससे रेलवे ट्रैक, ओएचई तार, विद्युत खंभों और आसपास के ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। यह घटना उस समय घटी जब मालगाड़ी बिना इंजन के खड़ी थी और उसके डब्बों को रोकने के कोई जरूरी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे। रेलवे के नियमों के अनुसार किसी भी ढलान वाले यार्ड में खड़ी गाड़ी के लिए ब्रेक जाँच, क्लॉजिंग (व्हील स्कॉचिंग), रिटार्डर, चॉक और डेरैलर जैसे उपकरण अनिवार्य होते हैं। साथ ही इंजन के साथ ही रैक लोडिंग (इंजन ऑन लोड प्रणाली) लागू करने की आवश्यकता होती है। लेकिन इस





मामले में इन सभी मानकों की खुलेआम अवहेलना की गई। न तो इंजन जोड़ा गया, न ही किसी प्रकार का सुरक्षा उपाय किया गया। यही नहीं, मौके पर कोई गार्ड या सुरक्षा निरीक्षक भी मौजूद नहीं था। बरहरवा रैक प्वाइंट से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में स्टोन चिप्स और बोल्डर की ढुलाई होती है। इस कार्य में निजी एजेंसियां शामिल हैं, जो अधिक माल ढुलाई के लालच में कई बार ओवरलोडिंग कर देती हैं। पर्यावरणीय दिशा निर्देशों के तहत धूल नियंत्रण, पानी का छिड़काव और कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण मुहैया कराना अनिवार्य है, लेकिन ये सभी व्यवस्थाएं या तो नाम मात्र की हैं या बिल्कुल नहीं हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि रेलवे कर्मियों द्वारा लोडिंग के बाद न तो सेफ्टी क्लियरेंस लिया गया, न ब्रेक टेस्टिंग की गई और न ही यार्ड मास्टर की ओर से किसी प्रकार की निगरानी की गई। यह दुर्घटना केवल तकनीकी चूक नहीं बल्कि रेलवे की निरंतर लापरवाही और सुस्त प्रणाली का नतीजा है। इस हादसे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि रेलवे की ओर से रैक लोडिंग पॉइंट्स पर सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय नियमों का पालन केवल कागजों तक सीमित है। यदि समय रहते इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में ऐसी लापरवाहियां और भी बड़े हादसों को जन्म दे सकती हैं। जनता और स्थानीय प्रशासन अब रेलवे से सवाल पूछ रहा है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी और लोडिंग संचालन में पारदर्शिता व सुरक्षा कब सुनिश्चित की जाएगी। वहीं डीआरएम मनीष गुप्ता को मामले में बातचीत करने के लिए कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इधर, पूर्व रेलवे हावड़ा के सीपीआरओ दिप्तीमय दत्ता ने बताया कि रेलवे अधिकारी मामले में जांच कर रहे हैं।

**क्षतिग्रस्त डिब्बों को उठाने और हटाने का चल रहा है कार्य**

बरहरवा। बरहरवा रैंक लोडिंग पॉइंट पर स्टोन चिप्स लदी मालगाड़ी के 20 डिब्बे के दुर्घटना होने के बाद शुक्रवार को दूसरे दिन भी रेल विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी क्षतिग्रस्त डिब्बों को उठाने और ट्रैक से हटाने का कार्य चल रहा था। मालदा से आए क ई अधिकारी व कर्मी इस कार्य में जुट गए थे। वही मरम्मती कार्य में लगभग 100 से अधिक कर्मी को लगाए गए हैं। खबर लिखे जाने तक कार्य चालू थे।

## सदर अस्पताल में लगी सर्वाइकल कैंसर की जांच शिविर, 20 महिलाओं की हुई स्क्रीनिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में शुक्रवार को सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 20 लाभार्थी महिलाओं का निःशुल्क स्क्रीनिंग किया गया। इस जांच शिविर में डॉ. किरण माला, डॉ.अनीता सिंह एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक सलखु चंद्र हांसदा की उपस्थिति में सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका के चलते महिलाओं को प्रारंभिक जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. किरण माला ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। लेकिन, यदि समय पर जांच हो जाए तो इसे रोका और इलाज किया जा सकता है। महिलाओं को नियमित रूप से इस प्रकार की जांच करानी चाहिए और भविष्य में ऐसे और भी जागरूकता कार्यक्रम एवं स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करने की बात कही गई।

## ग्रामीणों ने जिरवाबाड़ी पुलिस से की साइबर ठगी की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कबूतरखोपी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस से फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी करने की शिकायत की। जिसके बाद वहां छानबीन करने पहुंचें जिरवाबाड़ी थाना से पुअनि जुमराती अंसारी को महिलाओं ने बताया कि वहां पहुंचे चार लोग ने खुद को फाइनेंस एजेंट बता कर उनसे उनके आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पैन कार्ड की फोटोकॉपी और बायोमेट्रिक फिंगर लेकर उन्हें बिना गारंटी के 50 हजार से एक लाख तक लोन देने के नाम पर उनके बैंक खातों से हजारों रुपए उड़ा लिए। उक्त लोगों ने कुछ महिलाओं को नकली आवेदन रसीद भी थमाई और कहा कि दो से



तीन दिन में पैसा खाते में आ जाएगा। लेकिन उल्टा उनके खाते से राशि निकाल ली गई। पीड़ित महिला रूबी देवी, सरिता देवी व अन्य ने पुलिस से मामले की जांच की गुहार लगाई। इधर, जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग दस्ता ने क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** मुहर्रम पर्व को लेकर एसपी अमित कुमार सिंह के आदेश पर शुक्रवार को थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में विशेष मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग दस्ता ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि पुलिस प्रशासन सतर्क और सजग है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिस इलाके से भी फ्लैग मार्च में शामिल जवान निकले, वहां देखने के लिए लोग जमा होते रहे। पूरा क्षेत्र सायरन की आवाज से गुंजायमान हो उठा। लोगों से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। मुहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। फ्लैग मार्च राजमहल थाना से शुरू होकर तीनपहाड़ मोड, महाजनटोली, मंगलहाट होते हुये जामनगर सहित अन्य स्थानों तक गई। फ्लैग मार्च में एसआई विकास सेठ, एएसआई रविंद्र राम, नंद कुमार यादव एवं पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## किसानों के बीच किया गया मक्का बीज का वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र उधवा में शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने किसानों के बीच मक्का का बीज वितरण किया। जानकारी के अनुसार बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत मक्का का बीज वितरण किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी श्री एक्का ने बताया कि किसानों के बीच निःशुल्क मक्का का बीज वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के लिए दर्जनों योजनाएं चला रही है। ताकि किसानों की स्थिति बेहतर हो सकें। कहा कि किसान अपने खेतों में मक्का का बीज लगाकर फसल उपजाऊ कर सकते है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ओमप्रकाश साहा, सहायक तकनीकी प्रबंधक मुशर्रफ नसर, किसान अंगूर खान, चंद्रराय सोरेन, राहुल शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर स्थिर, आज से बढ़ने की संभावना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तीन मीटर 62 सेंटीमीटर नीचे बह रहा है। यहां गंगा 27.25 मीटर पर खतरे के निशान को पार कर जाता है। शुक्रवार की सुबह यहां गंगा का जलस्तर 23.63 मीटर मापा गया है। गंगा का जलस्तर अभी स्थिर है। लेकिन बक्सर से लेकर मुंगेर व भागलपुर व कहलगांव तक गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि एक दो दिन में यहां भी गंगा का जलस्तर बढ़ सकता है?। इससे बाढ़ की आशंका बढ़ जाएगी। इधर, डीसी हेमंत सती ने जिला में संभावित बाढ़ और प्राकृतिक आपदा, अधिसूचित प्राकृतिक आपदा, राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा से निबटने के लिए वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए जिला आपदा विभाग ने सरकार से 12 करोड़ 80 लाख 50 हजार रूपए की मांग की है। दरअसल, प्रत्येक साल प्राकृतिक आपदा, बाढ़, डूबने, सड़क दुर्घटना में मौत, आगलगी, सर्पदंश, शीतलहर



सहित अन्य में मौत हो जाती है। आश्रितों को डीबीटी के माध्यम से आपदा विभाग सहायता राशि सरकार की ओर से दी जाती है। जिला में प्रत्येक वर्ष प्राकृतिक आपदा व स्थानीय आपदा से दर्जनों लोग, पशुओं की जान चली जाती है, कई घर तबाह हो जाता है।

**बाढ़ से निबटने के लिए मांगे आठ करोड़ रुपए का फंड**

साहिबगंज। जिला में प्रत्येक वर्ष गंगा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आती है। जिससे गंगा से सटे क्षेत्र, दियारा क्षेत्र, शहरी क्षेत्र, निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आकर डूब जाता है। वही डूबे हुए लोगों व पशुओं के लिए भोजन पानी, रहने खाने पीने सहित अन्य चीजों का प्रबंध जिला प्रशासन की ओर से किया जाता है। इस वर्ष बाढ़ में सूखा राशन सहित अन्य मद में 8 करोड़ रुपए का मांग किया गया है, ताकि समय पर प्रभावित परिवारों के बीच जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराया जा सके। पशुओं को खाने का चारा, रहने की व्यवस्था दवाई इत्यादि उपलब्ध कराया जा सके।

**इन मदो में मांगी गई है राशि :-** संभावित बाढ़ के लिए सूखा राशन व अन्य मद के लिए 8 करोड़, पशु चारा व पशु दवा क्रय के लिए 25 लाख, नाव भाड़ा व नाविकों का पारिश्रमिक 20 लाख, मोटर बोट में ईंधन के लिए 10 लाख, अग्निकांड में घर की क्षति के लिए 50 लाख, अग्निकांड में पशु क्षति मानव क्षति का मद में 5 लाख, अग्निकांड में वस्त्र बर्तन क्षति मद में 5 लाख 50 हजार, शीतलहर 6 लाख, बाढ़ चक्रवात व अन्य आपदा से हुए मानव क्षति पशु क्षति मद में 44 लाख, वज्रपात मद में 60 लाख, अतिवृष्टि 20 लाख, सर्पदंश 24 लाख, खनन जनित आपदा मद में 8 लाख, पानी में डूबने मद में 1 करोड़ 20 लाख, भगदड़ 12 लाख, रेडियेशन संबंधी आपदा मद में 8 लाख, गैस रिसाव संबंधी आपदा मद में 12 लाख, सड़क दुर्घटना 50 लाख, कोरोना से हुए मौत के आश्रित को एक लाख लंबित भुगतान, कुल 12 करोड़ 80 लाख 50 हजार रुपए का मांग अधिसूचित प्राकृतिक आपदा व राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा मद में मांग किया गया है। ताकि इन आपदा में हुए क्षतिपूर्ति होने पर आश्रितों को त्वरित सहायता सहयोग राशि देकर सहयोग किया जा सके।

## बरहरवा के फुटानी मोड़ पर अवैध व ओवरलोड खनिज परिवहन का खेल बदस्तूर जारी, प्रशासन मौन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के फुटानी मोड़ पर अवैध खनिज परिवहन का खेल अब भी जारी है। इसपर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मौन है। किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सूत्रों के अनुसार आए दिन फुटानी मोड़ के बैरियर से 50-60 गाड़ियां बिना माइनिंग चालान और ओवरलोड के गुजर रही हैं। यहां पर बकायदा, चेक नाका बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद बिना जांच के ही बिना माइनिंग चालान और ओवरलोड ट्रकें पार हो जा रही है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय एक साहब का खाना बनाने से लेकर जूता साफ करने वाला संतोष नाम एक व्यक्ति फुटानी मोड़ के बैरियर पर गाड़ी की गिनती करता रहता है। साहब के घरेलू कामकाज निपटाकर गाड़ी गिनने के बाद साहब को सिर्फ गाड़ियों गिनती ही नहीं बताता है, बल्कि उसके आगे की भी गिनती बताकर साहब को मंत्रमुग्ध करता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि आखिर कौन इस अवैध गतिविधि को बढ़ावा दे रहा है। जिला प्रशासन के आला अधिकारी कब इसपर जांच करेंगे और ऐसे अवैध कारोबार पर कब लगाम लगेगी।

## एसपी ने किया राजमहल व तालझारी थाना का निरीक्षण, मुहर्रम पर विशेष सर्तकता का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** एसपी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार की शाम राजमहल थाना का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पूरे थाना परिसर का घुम-घुम कर जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारी गुलाम सरवर से सभी प्रकार की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही थाना प्रभारी कक्ष को बड़ा तथा मोडिफाइड करने को कहा। इस दौरान एसपी ने मुहर्रम पर्व को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिया। पुलिस को सतर्क और चौकस रहने को कहा। उन्होंने लोगों से पर्व के दौरान शांति व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की। कहा कि सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जायेगी। 100 से अधिक संख्या में पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया जाएगा। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें. किसी भी



तरह के अफवाह पर ध्यान ना दें अगर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें। भड़काऊ मैसेज को फॉरवर्ड ना करें। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर एसआई महादेव उरांव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। वहीं एसपी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को मुहर्रम पर्व के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तालझारी थाना पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था के बारे जानकारी लिए एवं उपस्थित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिये। साथ ही लोगों से मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मनाने की अपील की । थाना परिसर में थाना के खराब वाहन को देख इसे मरम्मती करवाने को कहा गया। थाना परिसर अवस्थित तालाब को भी साफ सफाई कराने को निर्देश दिया गया।मौके पर डीएसपी विमलेश त्रिपाठी,थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय, एस आई रामसिंह बरबई मनसा हजाम, दन्दुराय मुंडा सहित पुलिस बल मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालय : बगानपाड़ा, पोखराचौक, वार्ड नं0 - 10, दुमका, थाना - दुमका नगर, जिला - दुमका 814101, संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

## घर पर चलता था अवैध हथियार व जाली नोट का धंधा, एसओजी व पुलिस ने किया भंडाफोड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़ामारा निश्चिन्दपुर गांव में गुप्त सूचना पर एसओजी एवं डोमकल थाना पुलिस की एक संयुक्त टीम ने सिराज मंडल नामक व्यक्ति के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार और जाली नोट बरामद किया है। एसओजी तथा पुलिस की टीम ने सिराज मंडल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस छापेमारी में एक राइफल, तीन गोली, अन्य 312 जिंदा गोली, 4 देशी पिस्तौल, 12 खाली कर्तुज एवं 40,000 जाली नोट बरामद हुआ है। आरोपी सिराज मंडल छापेमारी के दौरान घर पर ही था, जिसे टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोमकल पुलिस और एसओजी विशेष टीम को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि थाना क्षेत्र के घोड़ामारा निश्चिन्दपुर गांव के सिराज मंडल नामक व्यक्ति घर में अवैध हथियार रखता है। हथियार की गैरकानूनी धंधे के साथ जाली नोटों का भी कारोबार अपने घर पर बेखौफ चलाया करता हैं। इसी सूचना पर बुधवार की रात एसओजी और डोमकल की पुलिस की संयुक्त टीम ने सिराज मंडल के घर पर छापेमारी अभियान चलाया। अभियान चला कर उसके घर से एक राईफेल, जिसमें तीन गोली भरा था, 312 जिंदा कारतूस, 4 देशी पिस्तौल, 13 पीस खाली कर्तुज, 40,000 के जाली नोट (सभी 500 के नोट) के अलावा कुछ बारूद और अन्य लोहे का सामान भी बरामद हुआ हैं।एसओजी टीम के अधिकारियों ने सिराज मंडल को एक विशेष अदालत में पेशी के बाद 14 दिनों के रिमांड पर लेने की बात कही है।

# सीआई के घर डकैती मामले में चार गिरफ्तार, हथियार व लूटे गए जेवर बरामद, कैश भी मिले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पाकुड़ के प्रभारी सीआई शिवाशीष वात्सल्य के घर 16 जून की रात डकैती मामले में पुलिस ने चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटे गए जेवर और कैश के साथ हथियार भी बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि सीआई के घर डकैती की घटना में चारों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। एसपी निधि द्विवेदी ने घटना का खुलासा का दावा करते हुए शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता रखी। प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को बताया कि 16 जून 2025 को लड्डू बाबू आम बागान में स्थित पाकुड़ अंचल के सीआई शिवाशीष वात्सल्य के घर अज्ञात अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस डकैती की घटना को लेकर नगर थाना में 176/25 दर्ज किया गया था। घटना के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। अनुसंधान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर तीन और चार जुलाई को शहर के विभिन्न स्थानों से चार अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है और जेल भी जा चुका है। इनमें साहिबगंज जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के मारोपुर गांव के रहने वाले रिंकू रजवार, पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के जीतपुर गांव के रहने वाले एमेली मरांडी, नगर थाना क्षेत्र के किताझोर की रहने वाले मंजरुल शेख एवं नगर थाना क्षेत्र के ही दुर्गापुर के रहने वाले मणिलाल ठाकुर शामिल हैं। इन चारों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। इनके निशानदेही पर मंजरुल शेख के बलियाडांगा में स्थित किराए के मकान से





हथियार और लूटे गए सामान बरामद हुए हैं। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि बलियाडांगा से तीन देसी कट्टा तथा आठ एमएम के तीन जिंदा कारतूस मिले हैं। उन्होंने बताया कि 51,220 रुपए कैश और जेवर में सोने के कान की बाली, सोने की एक अंगूठी, चांदी के दो जोड़े पायल, चांदी का एक जोड़ा बिछिया, चांदी का एक जोड़ा पांव का बेड़ा बरामद किए गए हैं। शगुन ज्वेलर्स का गुलाबी रंग का एक छोटा बैग भी मिला है। इसके अलावा डकैती की घटना में इस्तेमाल अपराधियों के चार एंड्राइड मोबाइल भी मिला है। एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 जून की रात करीब 9ः00 बजे के आसपास उस वक्त डकैती की घटना को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया था, जब सीआई शिवाशीष वात्सल्य बैडमिंटन खेलने इनडोर स्टेडियम गए हुए थे। जिस वक्त घटना को अंजाम दिया जा रहा था, उस वक्त सीआई शिवाशीष वात्सल्य के घर उनके ससुराल से रिश्तेदार आए हुए थे। घर में सब रात्रि भोजन कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधी घर में घुस आए और लूटपाट मचाया। घटना के बाद कम से कम 20 की संख्या में नकाबपोश अपराधियों के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने की बात कही जा रही थी। यह घटना पाकुड़ पुलिस के लिए चुनौती के रूप में माना जा रहा था। एसपी निधि द्विवेदी का घटना के कुछ दिन पहले ही पाकुड़ में पदस्थापन हुआ था।

एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित अनुसंधान शुरू किया। एसपी निधि द्विवेदी ने उसी दौरान दावा किया था कि घटना का जल्द खुलासा होगा और सारे अपराधी सलाखों में जाएंगे। इधर लोगों में चर्चा है कि घटना के 19वें दिन खुलासा और चार-चार अपराधी की गिरफ्तारी तथा लूटे गए सामानों के साथ हथियार की बरामदगी ने पाकुड़ पुलिस की काबिलियत को साबित कर दिया है।

**अपराधिक इतिहास :-** एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों व्यक्ति का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी अपराध किया है और जेल भी जा चुका है। उन्होंने बताया कि एमेली मरांडी के खिलाफ अमड़ापाड़ा थाना में 9 मार्च 2024 को भादवि की धारा 392 व 411 के तहत कांड संख्या 09/2024 दर्ज किया गया था।

इसके खिलाफ लिट्टीपाड़ा थाना में भी कांड संख्या 42/2022 दर्ज हैं। यह मामला धारा 394, 511 भादवि 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि मंजरुल शेख के खिलाफ भी पाकुड़ नगर थाना और हिरणपुर थाना में मामला दर्ज है। नगर थाना में धारा 309 (6) एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 22 जुलाई 2024 को कांड संख्या 174/2024 दर्ज किया गया था।

हिरणपुर थाना में धारा 305, 331 (4) के तहत 17 जनवरी 2025 को कांड दर्ज है। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि मणिलाल ठाकुर पूर्व में पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर लूट मामले में जेल जा चुका है। उसका और अपराधिक इतिहास संकलित किया जा रहा है। रिंकू रजवार के खिलाफ साहिबगंज जिले के राधा नगर थाना में 307 भादवि की धारा के साथ दर्ज मामले में जमानत पर है। इसका भी आपराधिक इतिहास संकलित किया जा रहा है।

**एसआईटी में कौन-कौन थे शामिल :-** एसपी निधि द्विवेदी के द्वारा एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में गठित एसआईटी में पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास, मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी अंशु उपाध्याय, हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार, नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दिलीप बास्की, पुलिस अवर निरीक्षक सुबल कुमार दे, पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया यादव के अलावा आरक्षी सूरज मुर्मू तकनीकी शाखा एवं नगर थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डायरिया रोको अभियान 14 अगस्त तक, उपायुक्त ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा आईडीएफ स्टॉप डायरिया कैंपेन के प्रचार प्रसार हेतु डायरिया रथ को उपायुक्त मनीष कुमार व डीआरसीएचओ डॉक्टर एस.के झा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि यह कैंपेन आगामी 01 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक किया जाना है। स्टॉप डायरिया कैंपेन के दौरान सभी 5 वर्ष से कम बच्चों को 02 ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक टेबलेट का वितरण किया जाना है तथा सभी स्वास्थ्य संस्थान जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ओआरएस एवं जिंक कॉर्नर का स्थापना कर सभी लक्षित लाभार्थियों ओआरएस एवं जिंक टेबलेट का वितरण भी किया जाना है।

## उपायुक्त ने 47 दिव्यांग व 20 बुजुर्गों के बीच किया ट्राई साइकिल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तत्वावधान में प्रोजेक्ट समावेश के अंतर्गत एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना कार्यक्रम के तहत कृत्रिम अंग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन हिरणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा दिव्यांग ओर बुजुर्गों के बीच ट्राई साइकिल वितरण किया गया। ट्राई साईकिल पाकर लाभुक ने सरकार व जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। दिव्यांगजन हमारी सामाजिक संरचना का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सुविधा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना हमारा दायित्व है। ट्राई साइकिल जैसे साधन उन्हें न केवल गतिशीलता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई






जा रही हैं, ताकि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बराबरी का अवसर मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में कार्य करते हुए किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित न रहने दिया जाए।उक्त कार्यक्रम के पश्चात हिरणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रोजेक्ट प्राकृति के तहत उपायुक्त, जिला परिषद, उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत,प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडु दिलीप,अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी टिंकल चौधरी सहित मौजूद थे।

## भाजपा ने स्वामी विवेकानंद की मनाई पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भाजपा ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जीतू सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने मूलमंत्र देते हुए कहते हैं कि एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही ब्रिटिश भारत के दौरान राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त विवेकानंद ने जातिवाद, शिक्षा, राष्ट्रवाद, धर्म निरपेक्षतावाद, मानवतावाद पर अपने विचार प्रस्तुत किया हैं। विवेकानंद की शिक्षाओं पर उपनिषद, गीता के दर्शन, बुद्ध एवं ईसा मसीह के उपदेशों का प्रभाव है. उन्होंने वर्ष 1893 में शिकागो विश्व धर्म



सम्मलेन में वैश्विक ख्याति अर्जित की तथा इसके माध्यम से ही भारतीय अध्यात्म का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हुआ। वर्ष 1893 में खेतड़ी राज्य के महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने विवेकानंद नाम अपनाया। उन्होंने विश्व को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया. वर्ष 1902 में बेलूर मठ में उनकी मृत्यु हुई थी। अपने भाषण के दौरान स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि अमरीकी भाइयों और बहनों, आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है। मैं दुनिया की सबसे पुरानी संत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की तरफ से धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों और संप्रदायों के लाखों-करोड़ों हिंदुओं की तरफ़ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस मंच पर बोलने वाले कुछ वक्ताओं का भी धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने यह ज़ाहिर किया कि दुनिया में सहिष्णुता का विचार पूरब के देशों से फैला है। मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहिष्णुता पर ही विश्वास नहीं करते बल्कि, हम सभी धर्मों को सच के रूप में स्वीकार करते हैं। मौके पर जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबरी पाल, नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, पवन भगत, आलोक मंडल आदि मौजूद थे।

## शिविर में जनजातीय लाभुकों को योजनाओं के प्रति किया जागरुक


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** प्रखंड अंतर्गत बनियापसार एवं राजपोखर पंचायत भवन में शुक्रवार को पीएम-जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, संबंधित पंचायत की मुखिया सलोमी बेसरा एवं ललिता टुडू,वार्ड सदस्य सहित अन्य के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में पंचायत अंतर्गत ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकारी योजनाएं जैसे आधार कार्ड, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत



कार्ड, जाति, आय प्रमाण-पत्र, राशन, किसान केडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा व सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन, मनरेगा एवं आइसीडीएस की योजनाओं आदि का लाभ प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बीपीआरओ त्रिदीप शील, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, पंचायत सचिव सहित पंचायत की मुखिया सालोनी बैसरा, ललिता टुडु, वार्ड सदस्य, जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, आंगनबाड़ी सेविका सहित काफी संख्या में लाभुक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## गांव-गांव में स्वच्छता की गूंज, गांव की स्वच्छता देश की प्रगति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** डीपीएस पाकुड़ के प्रांगण में भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस), जल शक्ति मंत्रालय के विभाग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन किया गया।विशेष सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य जे. के शर्मा ने बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का उद्देश्य समझाते हुए बताया कि यह सर्वेक्षण सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और साफ सफाई की स्थिति में सुधार लाने में मदद करेगी।साथ ही साथ उन्होंने स्वच्छता से सम्बंधित पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उन्हें आज ही ÷स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (स्स्त्र) 2025 सिटिज़न फीडबैक ऐप डाउनलोड कर अपने गांव की स्वच्छता पर अपनी अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करने के लिए आह्वान किया.इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े एक बहुत ही आकर्षक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। साथ ही साथ उन्होंने नाटिका के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का भी संदेश दिया। विशेष सभा के दौरान सभी बच्चों और शिक्षकों को अपने आसपास और चारों तरफ साफ - सफाई रखने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार जी ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन मनाए जाने वाला त्यौहार नही, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अंग है।उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के वक्तव्य को दोहराते हुए ÷ कहा कि स्वच्छता एक बार का लक्ष्य नही बल्कि एक सतत यात्रा है।÷ इस कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी इसे घर-घर में पहुंचाकर गांधी के सपनों को साकार करने में मदद करेगी।डी.पी.एस के इको क्लब के अध्यक्षा सुमित्रा माइती ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 स्वच्छ, स्वस्थ ग्रामीण समुदायों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.जिससे राष्ट्र स्वच्छ भारत के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच पाएगा।

## समीक्षा बैठक में योजनाओ की ली गई विस्तृत जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** शुक्रवार को घाघरजानि स्थित प्रखण्ड कार्यालय सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण, मनरेगा, आवास सहित अन्य योजनाओ की गहन समीक्षा की गई। वही बीडीओ टुडू दिलीप ने स्वच्छता को लेकर उपस्थित कर्मियों को शपथ भी दिलाई गई।बैठक में स्वच्छता सर्वे कार्य को लेकर पंचायत सचिवों को एप डाउन लोड कराया गया। बीडीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिव स्वास्थ्य सर्वेक्षण में सक्रियता से भाग ले। मनरेगा अंतर्गत दीदीवाड़ी



योजनाओ की स्वीकृति, मानव दिवस सृजन में महिलाओं की भागीदारी, व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी बिरसा हरित ग्राम योजनाओ में गढ्ढा, ट्रेंच कटिंग आदि कार्य पांच दिनों में पूर्ण करना है। जिससे कि गढ्ढो में खाद भराई व पौधरोपण का कार्य एक सप्ताह बाद किया जा सके। अबुआ आवास, जनमन आवास व प्रधानमंत्री आवास योजनाओ की समीक्षा के दौरान पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिया गया कि इसको लेकर लाभुको को जागरूक करें व निर्धारित अवधि में योजना कार्य को पूर्ण कराये। इस अवसर पर बीपीओ ट्विंकल चौधरी, सांख्यकी पदाधिकारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, बताया पुलिस प्रशासन है मुस्तैद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शुक्रवार को एसडीपीओ राजमहल विमलेश कुमार त्रिपाठी एवं बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी के नेतृत्व में राधानगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना मुख्यालय से फ्लैग मार्च निकाली गई। जो मोहनपुर, केलाबाड़ी, आतापुर, खासपुरा, कटहलबाड़ी, मनिहारी टोला, इंग्लिश, फुदकीपुर, जंगलपाड़ा, उधवा चौक होते हुए थाना मुख्यालय पहुंचकर फ्लैग मार्च समाप्त हुआ। इस दौरान एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी,बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी,राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा,थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज सहित अन्य पुलिस



कर्मियों ने बाईक पर सवार होकर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील किया। वहीं एसडीपीओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाह पर ध्यान ना दें। किसी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील किया। वहीं बीडीओ सह सीओ श्री तिवारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की।

मौके पर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, सीआई दारा पासवान,एसआई अनिल कुमार, एएसआई सुनील कुमार मेहता, मनोज कुमार पासवान, रवि शंकर झा, श्रीलाल हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ वीसी के जरिए योजना की समीक्षा कर प्रगति बरकरार रखने के दिए निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मनरेगा, अबुआ आवास,15 वें वित्त योजना में पाकुड़ को राज्य में अव्वल बरकरार रखने की निरंतरता बनाए रखने को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि राज्य में जिस तरह से पाकुड़ जिला आवास, मनरेगा,15 वें वित्त, शिक्षा इत्यादि में रोल माडल बना हुआ है उसे हम सब आगे भी जारी रखेंगे। अबुआ आवास एवं जनमन योजना में आवास पूर्णता की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18 आवास एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50 आवास प्रतिदिन पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

अबुआ आवास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 183 एवं 2024-25 में 2017 लाभुकों का प्रथम किस्त भुगतान पश्चात प्लिंथ जियो टैग लंबित है।जिसमें से 75 प्रतिशत लाभुकों का प्लिंथ निर्माण 10 दिनों के अन्दर कराने का निदेश दिया गया। वहीं आवास प्लस 2.0 के माध्यम से कुल-21314 लाभुकों का सर्व वेरीफिकेशन चेकर के द्वारा 10 दिनों के अन्दर कराने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति पश्चात प्रथम किस्त भुगतान हेतु लंबित कुल-439 लाभुकों को प्रथम किस्त 10 दिनों के अन्दर भुगतान करने का निदेश दिया गया। साथ ही द्वितीय किस्त भुगतान किये गये लाभुकों का आवास पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक में लंबित आवास को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही कैटिगरी-सी में चिन्हित लाभुकों का स्वंय जाँच कर प्रतिवेदन पुनः दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# वंशज रुपचांद मुर्मू को जिला प्रशासन ने मुहैया कराया अंगरक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धों कान्हो के वंशज रुपचांद मुर्मू को शुक्रवार को जिला प्रशासन व पुलिस की ओर से निजी सुरक्षा गार्ड मुहैया कराया गया है। जिला प्रशासन ने उनके मांग को किया स्वीकार करते हुए उनको निजी सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराया।

विदित हो कि बीते 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में हुए झड़प और लाठीचार्ज की घटना के बाद 2 जून को सिदो-कान्हू के वंशज रूपचंद मुर्मू ने बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार को आवेदन देकर अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी इसके आवेदन पर जिला प्रशासन ने सुध लेते हुए उन्हें अंगरक्षक मुहैया कराया गया है। अंगरक्षक मिलने के बाद रूपचंद मुर्मू बरहेट पहुंचे, जहां उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी सहित अन्य से मुलाकात की।

## झलकियां

### मोटरसाइकिल पलटने से 35 वर्षीय व्यक्ति घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** थाना क्षेत्र के पाकुड़िया से महेशपुर जानेवाली पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क पर डुमरसोल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक सादाब रसीद उम्र 35 वर्ष जो पश्चिम बंगाल के आसनसोल थाना क्षेत्र का रहने वाला है जो पाकुड़िया से महेशपुर की ओर जा रहा था. तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात स्कोर्पियो द्वारा साइड नहीं देने पर मोटरसाइकिल चालक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया.पाकुड़िया थाना के गस्ती वाहन द्वारा व्यक्ति को उठा कर पाकुड़िया अस्पताल पहुंचाया गया. जहां डॉ भरत भूषण भगत द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. डॉ भगत ने बताया कि दाहिने पैर पर गंभीर चोट लगी है पैर टूट चुका है. प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है।

### मेरा कचरा मेरी जिम्मेवारी के तहत चलाया अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत जिला के विभिन्न कार्यालयों में एवं पंचायत स्तर पर विद्यालय,आंगनबाड़ी,पंचायत भवन इत्यादि में कार्यालय के पदाधिकारी कर्मी एवं पंचायत स्तर पर मुखिया, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदी एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर वैसे स्थान जहां पर गंदगी पड़ी थी मेरा कचरा मेरी जिम्मेवारी को लेकर स्वयं ग्रामीण के द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी इत्यादि के माध्यमों से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान गोपनीय कार्यालय में कर्मियों ने श्रमदान कर कार्यालय परिसर,उसके आसपास की गंदगियों की साफ-सफाई की। इस दौरान गोपनीय कार्यालय के कर्मियों ने सफाई कर पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया है।

# 64 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल का चैम्पियन बना संत जॉन वर्कमंस मुंडली



**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा निर्देशित तथा जिला शिक्षा परियोजना से आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। स्थानीय सिदो कान्हू मुर्मू स्टेडियम में दूसरे दिन अंडर 15 बालक वर्ग में पहला मैच उधवा और बोरियो के बीच खेला गया। जिसमें उधवा ने बोरियो को 4-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में राजमहल ने बरहेट को 3-0 से, तालझारी ने पतना को 5-0 से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उधवा ने मंडरो को 2-0 से एवं बरहरवा ने साहिबगंज को 4-0 से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में तालझारी ने बरहरवा को 3-0 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया और दूसरे सेमीफाइनल में राजमहल ने उधवा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में धमाकेदार प्रदर्शन और कड़े संघर्ष में राजमहल ने तालझारी को 5-0 से हराकर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। समापन के अवसर पर चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा ने खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी तथा सर्टिफिकेट प्रदान कर हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता संचालन में एपीओ शबनम तबस्सुम, जिले के शारीरिक शिक्षकों का अहम सहयोग रहा। शनिवार को अंडर 17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता होगी। मौके पर शारीरिक शिक्षक बीरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, सुनील किस्कू, बमबम कुमार, विजय भान सिंह, रमेश मौर्य, लूसी किस्कू, नवनीत कुमार ,दीपक सिंह, खुर्शीद अलम, नीतीश कुमार दास, पौलूस सोरेन ,अरुण दास सोनेलाल मंडल, मैच रेफरी कमरूल होदा, मनोज राम, बिनोद साह, शेखर वर्मा आदि थे।

# मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर तीनपहाड़ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीनपहाड़ :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर तीनपहाड़ थाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शुक्रवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व राजमहल पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा ने किया।

बाइक के माध्यम से फ्लैग मार्च पड़रिया मोड़ से होते हुए बभनगामा मोड़, रामचौकी, वृंदावन, हाथीगढ़, सकडभंगा, अजोध्या होकर तीनपहाड़ बाजार होते हुए बाबूपुर, धमधमिया, बाकुडी, पोखरिया, मस्तापुर, जोंका क्षेत्र का भ्रमण किया। वहीं पुलिस ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का अहसास कराना और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाना है।

वही पुलिस ने लोगों से आपसी



भाईचारे और प्रेम के साथ त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। फ्लैग मार्च में तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, एसआई महेंद्र कुमार, नारद गहलोत, शाहिद अहमद खान, एएसआई प्रदीप कुमार सहित जिले के दर्जनों पुलिस जवान शामिल थे।

# अंचल में गुरु गोष्ठी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** प्रखंड संसाधन केंद्र गढ़बाड़ी के सभागार में शुक्रवार को शैक्षणिक अंचल एक के गुरु गोष्ठी सह यू डायस प्लस को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन बीईईओ मार्शिला सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से एक पेड़ मां के नाम,इको क्लब,ई-विद्या वाहिनी एप्प में छात्र उपस्थित,शिक्षक उपस्थित,प्रयास कार्यक्रम में नामांकित छात्रों की शत~ प्रतिशत उपस्थित, प्रोजेक्ट रेल, बोलेगा पाकुड़ कार्यक्रम, आज क्या सीखे, मध्यान भोजन का एसएमएस एवं मासिक रिपोर्ट, स्वच्छता कार्यक्रम नोटबुक उठाव एवं वितरण को लेकर विशेष रूप से समीक्षा की गई। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन करना, छात्रों का स्वास्थ्य जांच, कृमि गोली एवं अन्य कार्यक्रम का समीक्षा की गई। बैठक बीपीओ श्याम ठाकुर के अलावे अन्य मोजूद थे।

# भगवान जगन्नाथ की निकाली गई रथ यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोरियो :** बोरियो के नमस्ते रोड जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई। जहां रथ यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हरे कृष्णा हरे राम के महामंत्र के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ को खींचते हुए पूरा बोरियो बाजार में भ्रमण किया।

जहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। वही इस मौके पर बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा अपने दलबल के साथ रथ यात्रा में शामिल रहे।

इस मौके पर नवीन रक्षित, मुकेश साह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बड़ा घघरी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन बड़ा घघरी पंचायत भवन परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ संजय कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया. शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत के गांव जोरडीहा, धनघरा, कलदम, कदवा, बड़ा घघरी, हांथीबथान और बांसजोरी के जनजातीय नागरिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके अधिकारों के प्रति



जागरूक करना था। इसमें पीवीटीजी और ट्राइबल परिवारों को पांच प्रमुख क्षेत्रों में सहायता प्रदान की गई और सिकल सेल सहित स्वास्थ्य जाँच किया गया.मूल दस्तावेजों के तहत आधार कार्ड, जाति, निवास, दिव्यांग और आय प्रमाण पत्र बनाए गए। वित्तीय समावेशन के लिए पीएम जनधन योजना, मुद्रा योजना, वन धन योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी गई और लाभ दिया गया। वहीं कृषि और आजीविका के क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान और मनरेगा से संबंधित जॉब कार्ड और काम की मांग के लाभों के लिए आवेदन लिए गए। कई लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिला.

# एलीट पब्लिक स्कूल में ओलिंपियाड के छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** एलीट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर हिंदुस्तान ओलंपियाड के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह की शुरुआत में विद्यालय के प्रार्थना सभा में अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में हिंदुस्तान ओलंपियाड के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अरविंद साह एवं प्राचार्य अभिजीत रॉय ने कहा कि छात्र-छात्राओं को उनकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रतिफल मिला। निदेशक एवं प्राचार्य ने अपने हाथों से बच्चों को सम्मानित किया। यह सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रही थी। हिंदुस्तान ओलंपियाड की ओर से निर्धारित सम्मान राशि भी प्रतिभागियों को चेक के रूप में वितरण किया गया जिसे पाकर अभिभावक गण गदगद हो उठे। इस मौके पर विद्यालय के



प्राचार्य अभिजीत रॉय ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि बच्चों से ही विद्यालय की पहचान मिलती है। आप सभी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व के निर्माण और भविष्य की नींव रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे ओलंपियाड आपको अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। आप सभी अपनी इस सफलता से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें और कभी भी सीखने और आगे बढ़ने से न डरें। वहीं विद्यालय के निदेशक अरविंद साह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मैं सभी सफल प्रतिभागियों को हृदय से बधाई देता हूं। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि हमारे बच्चे इतनी लगन और मेहनत से पढ़ाई कर रहे हैं। हिंदुस्तान ओलंपियाड जैसे मंच बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर देते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। मैं हिंदुस्तान समाचार पत्र की जिला टीम को भी इस ओलंपियाड के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देता हूँ। बच्चों, आपका भविष्य उज्ज्वल है। कड़ी मेहनत करते रहें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। इस जिला स्तरीय सम्मान को पाकर अभिभावकगण भी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह समारोह बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक पल रहा और उन्हें भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

# चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ कर्मियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर सभागार में शुक्रवार को प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार किस्कु की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी सीएचओ, लेबर रूम के कर्मी, कुपोषण वार्ड के कर्मी, एमपीडब्लू, एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।बैठक में मुख्य रूप से आरसीएच पोर्टल पर डाटा एंट्री की समीक्षा की गई। साथ ही परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान भारत योजना, टीवी, कुष्ठ रोग, एनीमिया मुक्त भारत समेत



स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों का अद्यतन स्थिति की जानकारी लिया।साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को सही ढंग से करें। टीकाकरण में कोई भी कर्मी लापरवाही नहीं बरते।इस मौके पर शैलेश कुमार,मनीष कुमार,ज्योतिष पासवान,पिरामल फाऊंडेशन के अफरोज आफरीन के अलावे सभी स्वस्थ कर्मी मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं का खाना खाने के बाद बिगड़ा तबियत, सदर अस्पताल में इलाजरत





डीसी ने जांच के बाद कार्रवाई का दिया आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से बुधवार को एक चिंताजनक घटना सामने आई, जब फूड पॉइजनिंग के कारण सैकड़ों छात्राएं बीमार पड़ गई जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शुरुआती जांच में पता चला कि छिपकली गिरा हुआ खाना खाने से छात्राओं की हालत बिगड़ी है। वहीं घटना का पता चलते ही उपायुक्त अंजली यादव सदर अस्पताल पहुंची तो बच्चियों का हाल जाना साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश दिया। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह नाश्ते में छात्राओं को चूड़ा और सब्जी परोसी गई थी। नाश्ता करने के करीब 10 मिनट बाद ही कई छात्राओं को चक्कर आने लगे, उल्टी और सिरदर्द, पेटदर्द की शिकायत होने लगी। जब एक के बाद एक बच्चियां बीमार पड़ने लगीं, तो स्कूल प्रबंधन के हाथ-पांव फूल गए और तत्काल एम्बुलेंस से सभी को गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।वहीं सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि एक बच्ची ने बताया कि उसने मिर्च समझ कर छिपकली की पूंछ खा ली। जैसे ही उसे एहसास हुआ, उसकी तबीयत और भी बिगड़ गई। सोनम नाम की इस छात्रा को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया उसकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद सदर अस्पताल का नजारा चिंताजनक हो गया था। एक ही समय में इतनी बच्चियों के आने से अस्पताल में बेड की कमी हो गई, जिस कारण कई बच्चियों का जमीन उपचार किया गया। वहीं बच्चियों के चेहरों पर डर साफ झलक रहा था, कई बच्चे सदमे में हैं।वहीं मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर जुनैद ने बताया कि सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है, ज्यादातर बच्चियों को प्राथमिक इलाज दे दिया गया है, कुछ की हालत थोड़ी नाजुक थी लेकिन अब कुछ हद तक हालात नियंत्रण में है। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, वहीं यह आशंका जताई जा रही है कि जिले में जितने भी कस्तूरबा विद्यालय हैं शायद सभी विद्यालयों में ऐसी ही लापरवाही हो, इसलिए जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधीक्षक इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी कस्तूरबा विद्यालय सहित सभी सरकारी विद्यालयों जहां बच्चों को मिड डे मील दिया जाता है उन सभी विद्यालयों की विधि व्यवस्थाओं में कड़ाई कर उसे दुरुस्त किया जाए।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय किघटना निंदनीय : प्रेमनंदन



**गोड्डा :** गोड्डा जिला स्थित गोड्डा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बांका में फूड पॉइज़निंग की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने तत्काल उपायुक्त महोदया से संपर्क किया और बच्चियों के समुचित इलाज व देखभाल के लिए आग्रह किया हुं । सरकार हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। मैं पीड़ित बच्चियों के परिजनों से अपील करता हूँ कि वे घबराएं नहीं–हर आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी बच्चियां जल्द स्वस्थ हों। मैं इस घटनाक्रम को अपने संज्ञान में लेते हुए उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषियों के उपर निश्चित कारवाई होगी। सभी को अस्वस्थ कराना चाहूंगा।

## गोड्डा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग का मामला-10 से अधिक छात्राएं हुईं बीमार




**गोड्डा :** गोड्डा प्रखंड स्थित बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया। विद्यालय में बनी सब्जी को खाने से 12 छात्राएं बीमार हो गई। छात्राओं को चक्कर और उल्टियां आने लगीं। कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गई।सभी को तत्काल गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही सभी छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। सभी की तबीयत अब ठीक है। इधर, छात्रा मीरा कुमारी, संजू कुमारी और निशा कुमारी ने बताया कि सब्जी खाने के बाद उन्हें उसमें छिपकली गिरे होने का पता चला।वहीं, छात्राओं का आरोप है कि स्कूल में उनसे रोटी बनवाई जाती है। प्रत्येक कक्षा की छात्राओं की बारी-बारी से रसोई में ड्यूटी लगती है। एक छात्रा के पिता सुनील राउत ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि स्कूल में साफ-सफाई नहीं होती। रसोई गंदी रहती है और छात्राओं से जबरन खाना बनवाया जाता है।इधर, जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि गोड्डा स्थित बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भोजन करने से 10-12 बच्चियों की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारी-बारी से सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया।स्वास्थ्य विभाग की टीम छात्राओं की निगरानी कर रही है। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों से खाना बनाने की कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। स्कूल में गंदगी की शिकायत की जांच के लिए गोड्डा डीसी को सूचित कर टीम गठित की जाएगी।

### बच्चियों के समुचित इलाज व देखभाल के लिए स्पष्ट निर्देश : मंत्री

वहीं, झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने ड्ड अकाउंट पर लिखा- गोड्डा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने तत्काल जिला प्रशासन से संपर्क किया और बच्चियों के समुचित इलाज व देखभाल के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। मैं पीड़ित बच्चियों के परिजनों से अपील करती हूँ कि वे घबराएं नहीं - हर आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी बच्चियां जल्द स्वस्थ हों।

## चेतान दिसम आर्ट इन एजुकेशन आखारा ने रांची में संताली लोकनृत्य का किया अद्भुत प्रदर्शन



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के तत्वाधान में आयोजित ÷जगन्नाथ महोत्सव 2025÷ के अवसर पर रांची में आदिवासी संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति देखने को मिली। जहां गोड्डा जिला से ÷चेतान दिसम आर्ट इन एजुकेशन आखारा÷ दल ने रांची में पारंपरिक संताली लोकनृत्य - लॉगड़े, ढोंग और बाहा का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस सांस्कृतिक दल का नेतृत्व मनोरंजन बास्की कर रहे थे जो राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, त्रिपुरा (एनएसडी- थिएटर इन एजुकेशन) के पूर्व छात्र रह चुके हैं। उनके निर्देशन में कला दल ने जिस प्रकार से संताली परंपरा को मंच पर जीवंत किया, वह दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

## मोहर्रम को लेकर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार शुक्रवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में मोहर्रम पर्व को लेकर अंचलाधिकारी ऋषिराज, पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक एवं थाना प्रभारी आनंद कुमार साहा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च के दौरान मोटरसाइकिल एवं पैदल ही पदाधिकारियो एवं पुलिस कर्मी ने मिलकर मुफ्फसिल थानां के जमनी पहाड़पुर, बंका, रानीडीह, करमाटांड़, राजपुरा, सरौनी बाजार, कुर्मिचक सहित विभिन्न गाँवों का भ्रमण कर शांति के शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील किया गया।इस क्रम अंचलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि सभी लोग मिल जुल कर त्योहार मनायेंगे। पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि आपलोग सरकार के गाइडलाइंस व लाइसेंस में दिए गए निर्देशों के अनुपालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व को मनाइए, पर्व में शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा उनके विरुद्ध विधिसम्मत सख्त कानूनी करवाई की जाएगी, अफवाह न फैलाये तरह किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया में भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, सोशल मीडिया में किसी भी तरह की भ्रामक पोस्ट न करे।थाना प्रभारी आनंद कुमार साहा ने किसी भी तरह की घटना दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने के साथ साथ पर्व को शांति पूर्वक मनाने की अपील किए। उक्त फ्लैगमार्च में पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, सअनि रंजन कुमार, सीताराम महतो, उमेश प्रजापति, मनोज मंडल आदि पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## मोहर्रम में निशान की ऊंचाई अधिकतम 4 मीटर हो : एसडीपीओ



**ललमटिया(गोड्डा)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ललमटिया थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बुआरीजोर पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र पासवान ने की, जबकि ललमटिया थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में मोहर्रम जुलूस की विधिव्यवस्था, ताजिया के मार्ग, समय निर्धारण, रूट चार्ट, विद्युत आपूर्ति और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।डीजे पर रोक, निशान की ऊंचाई तय श्री पासवान ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ताजिया जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकाले जाएं। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मोहर्रम के दौरान ताजिया निशान की अधिकतम ऊंचाई 4 मीटर (लगभग 13 फीट) निर्धारित की गई है। साथ ही, जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, हालांकि सामान्य बॉक्स (ध्वनि विस्तारक यंत्र) बजाने की अनुमति है।बिजली नहीं कटेगी, सामाजिक वालंटियर तैनात होंगेपुलिस निरीक्षक ने कहा कि इस बार पूर्व की तरह जुलूस के दौरान बिजली की आपूर्ति बंद नहीं की जाएगी, यह भी झारखंड उच्च न्यायालय का निर्देश है। उन्होंने मोहर्रम कमेटियों को सुझाव दिया कि वे सामाजिक रूप से सक्रिय और जिम्मेदार वालंटियर शामिल करें, जो शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।सोशल मीडिया और हथियारों को लेकर सतर्कताशांति समिति को संबोधित करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही। खासतौर पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके साथ ही उन्होंने नुकीले हथियार बच्चों को न देने की भी सख्त हिदायत दी।अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थितिबैठक में एएसआई ब्रजेश कुमार, एएसआई महेश टोप्पो, एएसआई सुरेंद्र यादव सहित पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण साह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी अनुज्ञप्तिधारी (लाइसेंसधारी) प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से सुझाव व सहमति ली गई।बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक और गरिमामय ढंग से मनाने का संकल्प लिया।


## मोहर्रम को लेकर महागामा थाना में शांति समिति की बैठक



**महागामा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वहीं बैठक में एसडीपीओ ने सबों को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए। उन्होंने कहा कि त्योहार में डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कहा कि सभी जुलूस तय रूट से ही निकलेंगे। उच्च न्यायालय के गाइडलाइन के तहत ताजिया/झंडा की ऊंचाई अधिकतम 13 फीट होगी व किसी भी पर्व त्यौहार के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।वहीं बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने बताया कि मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को सभी पंचायतों में दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी। सभी समुदाय मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाएं। वहीं थाना प्रभारी ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उक्त बैठक में बीडीओ सोनाराम हांसदा, सीओ डॉ0 खगेंन महतो, पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो, थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, शांति समिति के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## डीसी ने ग्रामीण विकास ट्रस्ट- कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गोड्डा :** उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा ग्रामीण विकास ट्रस्ट- कृषि विज्ञान केंद्र एवं जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में वरीय वैज्ञानिक- सह- प्रधान डॉ0 रवि शंकर के द्वारा जिले के किसानों के हित में कृषि विज्ञान केंद्र, गोड्डा के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी दी गई। उपायुक्त के द्वारा पशु सखी, बागवानी सखी, कृषक मित्रों एवं एफपीओ के सदस्यों को मिट्टी जांच, लीची, अमरुद, नींबू, आम, कटहल की सघन बागवानी तथा पशुओं की देख-रेख, कृत्रिम गर्भाधान एवं टीकाकरण सम्बन्धित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया। जो कि पशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पशुओं में दीवार चाटने की आदत को छुड़ाने के लिए पशु चौकलेट चटाया जाता है। घाट कुश्मनी के किसान भारी मात्रा में नेपियर घास लगाते हैं जिससे कि उनको पशु को खिलाने के लिए हरा चारा आसानी से उपलब्ध हो रहा है। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर स्थित सुकर पालन इकाई, मशरूम इकाई, बत्तख पालन इकाई, अमरुद, आम एवं नींबू की सघन बागवानी, करौदा की बागवानी, मडुआ की खेती, मछली पालन इकाई एवं पशु चौकलेट को देखा गया। जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि गोड्डा जिले के 4 एफपीओ क्रमशः गंगटा फसिया एफपीओ, खुशहाली एफपीओ, तिलका मांझी एफपीओ एवं माँ योगनी एफपीओ को 15 लाख रुपये तक का अनुदान राज्य सरकार के द्वारा दिया गया है। मौके पर उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी आशीष मिंज, डॉ सूर्य भूषण, डॉ रितेश दुबे, राकेश रोशन कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, शशिकांत संजय कुमार झा एवं दुलाल मोदी बैठक में सम्मिलित हुए।

## अधिकारियों द्वारा विद्यालय के निरीक्षण में खुला शिक्षा तंत्र का सच

प्रधानाचार्य पर लगे गंभीर आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बसंतराय :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत की टीम ने गुरुवार को बसंतराय प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया। इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को परखना तथा छात्रों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का मूल्यांकन करना था। वहीं निरीक्षण के दौरान टीम ने विशेष रूप से शौचालय की स्थिति, मध्यान्ह भोजन (मिड डे मील) की गुणवत्ता, स्कूल परिसर की साफ-सफाई , स्कूल ड्रेस और छात्रों की उपस्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। साथ ही विद्यालयों में मानवाधिकार एवं सूचना के अधिकार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। राहा में निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य गंगाधर झा का रवैया असहयोगात्मक रहा। उन्होंने बताया कि दोपहर 1 बजे के समय विद्यालय पूरी तरह से खाली मिला और एक भी छात्र उपस्थित नहीं था। जब निरीक्षण दल ने उपस्थिति रजिस्टर मांगा तो प्रधानाचार्य ने देने से इनकार कर दिया और असमानीय व्यवहार करते हुए ऊँची आवाज़ में बोलने लगे।संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि जिन विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है या शिक्षकों का रवैया गैर-जिम्मेदाराना है, वहां शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि बच्चों को एक बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सके।इस निरीक्षण में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार जोशी, महिला प्रकोष्ठ बसंतराय की अध्यक्ष हुस्न आरा, प्रदेश सचिव दयानंद झा, गोड्डा जिला महिला अध्यक्ष हेलन हांसदा, एवं प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य बंसीलाल यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। यह पहल न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक सराहनीय कदम साबित हुई।

## विभिन्न मांगों के समर्थन में रसोइया संघ का हड़ताल 9 जुलाई को



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विभिन्न मांगों को लेकर ट्रेड यूनियन द्वारा आहूत देशव्यापी बंद के दौरान झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ भी 9 जुलाई को हड़ताल में शामिल होंगे। झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ के प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न ट्रेड संगठनों द्वारा 9 जुलाई को देश व्यापी हड़ताल का आह्वन किया गया है। देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया स्कीम वर्क्स फेडरेशन यूनियन भी हड़ताल में रहेगा। इसी के तहत झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की तमाम दीदी हड़ताल में शामिल रहेंगी। इस दिन सभी विद्यालय में मध्यान भोजन बंद रहेगा।

## पुरी में अदाणी-इस्कॉन रसोई में हाईटेक व्यवस्था




**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पारंपरिक मूल्यों और जैविक जीवनशैली का बेमिसाल संगम पुरी की रथयात्रा न केवल आस्था का पर्व है, बल्कि सेवा, समर्पण और सादगी की मिसाल भी है। इस साल अदाणी समूह और इस्कॉन की साझेदारी में जो विशाल प्रसाद रसोई संचालित हो रही है, वह आधुनिक तकनीक, पारंपरिक मूल्यों और जैविक जीवनशैली का बेमिसाल संगम बन गई है। इस रसोई की खास बात है कि यहां उपयोग होने वाला ज्यादातर खाने का सामान जैविक (ऑर्गेनिक) हैं। हर दिन करीब 3 से 4 टन चावल, 500 किलो आटा और 4 से 5 टन दाल जैविक स्त्रोतों से लेकर पकाई जाती है। यहां का प्रसाद केवल स्वाद से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पवित्रता से भी परिपूर्ण है। स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के लिए यहां एफएसएसएआई के दिशा-निर्देशों और आईएसओ 22000 एचएसीसीपी के मानकों का पालन हो रहा है। हर प्रक्रिया को तय मानकों के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। चाहे वो सब्जियों की धुलाई हो या दालों की भिगोने की प्रक्रिया, हर कदम पर गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान रखा जा रहा है।स्टोरेज व्यवस्था भी अत्याधुनिक है। मुख्य रसोई परिसर के पास दो अलग-अलग स्टोरेज सुविधा के लिए एक बड़ा स्टोरेज और एक छोटा वेयरहाउस है। इसके अतिरिक्त, सब्जियों और डेयरी उत्पादों के लिए एक समर्पित कोल्ड स्टोरेज यूनिट भी बनाई गई है, ताकि तापमान और नमी से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता प्रभावित न हो। इससे भोजन की ताजगी और पोषण बना रहता है।पवित्रता और सेवा का अद्वितीय भाव है। यहां बनने वाला हर व्यंजन जैसे भात, दाल, सब्ज़ी, खिचड़ी और खीर, स्वाद में भी बेजोड़ है और श्रद्धा में भी।इस बार की रथयात्रा में अदाणी-इस्कॉन रसोई ने यह साबित कर दिया है कि जब सेवा का भाव तकनीक और गुणवत्ता से जुड़ता है, तो वह एक नई परंपरा का जन्म देता है। यह रसोई सिर्फ भोजन नहीं दे रही, बल्कि लोगों को यह भी सिखा रही है कि आधुनिकता और आध्यात्मिकता साथ चल सकती हैं।

## डीसी ने नीति आयोग से संबंधित की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोड्डा :** उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में नीति आयोग से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। वहीं बैठक में उपायुक्त के समक्ष पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पोषण से संबंधित डेटा, आधारभूत संरचना, कौशल विकास व विकास के मानकों को प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किए जाएं। बैठक में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है, उसे पूरा करना सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, कृषि, जेएसएलपीएस समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त के द्वारा नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा - निर्देश दिए गए। मौके पर उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, प्रभारी सिविल सर्जन एसी शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी पद्मा कुमारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महागामा(गोड्डा) :** प्रखंड महगामा अन्तर्गत पंचायत करनू छह महीने से खराब पड़ा चापाकल अब तक इसका कोई शुद्ध लेने वाला नहीं है ग्रामीण पाने के लिए तरस रहे हैं ना जनप्रतिनिधि कोई ध्यान दे रहे हैं ना ही पीएचडी विभाग कोई सुध ले रहे हैं आखिर गरीब ग्रामीण पानी के लिए जाए तो कहां जाए एकमात्र चापाकल है महतो टोला में इस चापाकल में पानी अच्छा था और ग्रामीण अपनी हर चीज में उसे करते थे शादी विवाह मगर इस चापाकल का खराब होना जैसे अकाल मंडरा गया है मजबूर हाय रे सरकारी सिस्टम अजब तेरी खेल है पैसे के रुबाब में यह चापाकल अभाव में पड़ा है इस चापाकल से आने-जाने रहागीरों को उनको भी अपनी अगर प्यास लगती थी तो वह अपना प्यास बुझाते थे अब एक मात्र ही रहा गया है पानी खरीद कर पीना राहगीर बताते हैं उमेश महतो घर के आगे चापाकल बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं लोग राहगीर एवं ग्रामीण भगवान भरोसे जी रहे हैं लोग अभी समय है खेती और बाड़ी का खेत से कम कर आने के बाद इसी चापाकल से नहाता भी था अब भगवान भरोसे ही चापाकल का अभाव पड़ा हुआ है

## मुहर्रम को लेकर राजाभीठा थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोआरीजोर :** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर राजाभीठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक विष्णु देव चौधरी ने की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, मुहर्रम के जुलूस में डीजे के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में राजाभीठा थाना प्रभारी योगेश यादव, एसई केदार पासवान, एसई संजय उरांव के साथ झामुमो क्षेत्रीय अध्यक्ष ताला बाबू हांसदा, जिला परिषद सदस्य दिनेश मुर्मू, झारखंड आंदोलनकारी जर्मन बास्की, महेंद्र साह, मोहम्मद सलाम, मिंटू पंडित, गयाराम सेन, महेंद्र किस्कू, अरविंद मरांडी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत पंडित, झामुमो क्षेत्रीय सचिव सिकंदर अंसारी, सलीम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, मिस्टर अंसारी, डब्लू अंसारी, मुमताज अंसारी एवं कासिम अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उक्त शांति समिति की बैठक में सभी लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे प्रगति लाने का दिया गया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लेने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया।रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं प्रति ग्राम कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया।अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए ।बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रवि शंकर ,सहायक अभियंता चितरंजन कुमार,प्रखंड समन्वयक 15वे वित्त शशि कुमार यादव, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक,जनसेवक एवं प्रखंड के कर्मी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने वितरित की 1.42 लाख की सहायता राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत सत्तर एवं चरपा पंचायत का गांव में हाल ही में हुई कोलावृष्टि के कारण किसानों को भारी फसल क्षति का सामना करना पड़ा। इस प्राकृतिक आपदा के मद्देनज़र झारखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त फसलों के लिए मुआवजे की घोषणा की गई। इसी क्रम में आज कुल 78 किसानों के बीच ?1,42,664 की राहत राशि का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन मधुपुर प्रखंड सभागार में किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. फुरकान अंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने देवघर जिला अपर उप समाहर्ता (ए.सी.) हीरा कुमार के माध्यम से किसानों को मुआवजे की राशि सौंपी। इस अवसर पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा,किसान देश की रीढ़ हैं। जिस प्रदेश और देश का किसान मजबूत होता है, वह राष्ट्र स्वयं सशक्त हो जाता है। किसान ही वह ज़मीनी भगवान है जो अपने परिश्रम से सम्पूर्ण समाज को अन्न प्रदान करता है। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, अंचल अधिकारी यामुन रविदास, कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं महिला नेत्री शबाना खातून, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज केसर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हरेराम दिनकर, प्रधान सहायक खुर्शीद आलम समेत कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।आपदा प्रबंधन विभाग ने चरपा एवं साप्ऱ पंचायत में कोलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण कर, पारदर्शी प्रक्रिया के तहत प्रभावित किसानों को उनकी क्षति के अनुपात में मुआवजा उपलब्ध कराया। विभाग के इस त्वरित और संवेदनशील कदम से किसानों को भारी राहत मिली है।किसानों ने राहत राशि पाकर प्रशासन और सरकार के प्रति आभार प्रकट किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह की तत्परता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन प्रखंडौ पशुपालन पदाधिकारी एवं प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी डॉ हरे राम दिनकर ने की। इस अवसर पर दर्जनों किसान अन्नदाता उपस्थिति रही, और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पुलिस के तत्परता से ड्राइवर को ग्रामीणों से बचाया

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के ग्राम खुट्टा के समीप दुर्घटना कर वाहन लेकर भाग रहे ड्राइवर को ग्रामीणों ने पीछा कर धुनाई कर दी। ड्राइवर अनिल कुमार 32 वर्ष पिता शिवजी राय ग्राम महुआ मुकुंदपुर थाना महुआ जिला बैसाली बिहार निवासी बताया गया है। ड्राइवर कोलकाता से मुजफ्फरपुर जा रहा था जहां 407 वाहन गावां थाना क्षेत्र ग्राम मांझने के समीप एक बकरी का बच्चा वाहन के चपेट में आ जाने से मौत हो गया। जहां ग्रामीणों ने वाहन को पीछा कर खुट्टा के समीप ड्राइवर को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के चंगुल से बचकर अपने कब्जे में ले लिया। घायल ड्राइवर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उपचार के किया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र ग्राम बरियारडीह के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक महिला के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायल महिला की पहचान मनीषा कुमारी 20वर्ष पति प्रमोद कुमार ग्राम बेलवा गावां थाना क्षेत्र निवासी के रूप में पहचान की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। महिला मोटरसाइकिल से बासोडीह से अपने घर गांव की ओर जा रही थी इसी दौरान दुर्घटना हुई है।

## ग्लैमर मोटरसाइकिल की चोरी

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** तिलैया थाना क्षेत्र के जैन गली से सुबह एक मोटरसाइकिल की चोरी हो गयी। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। वाहन मालिक संजय जैन ने इस संबंध में एक लिखित आवेदन तिलैया थाने को दी। दिये गये आवेदन में वाहन मालिक संजय जैन ने बताया कि उसने अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल (जेएच 12एफ2864) लेकर सुबह मंदिर गया था। जहां वे मंदिर के बाहर अपनी मोटरसाइकिल को खड़ा कर पूजा करने अंदर गया। पूजा के पश्चात जब वे बाहर निकले तो अपने मोटरसाइकिल को गायब पाया। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का कुछ पता नहीं चल पाया। फिलहाल पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

## डीसी ने योजनाओं की किया समीक्षा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें योजना/विकास शाखा एवं सभी इंजीनियरिंग विंग के साथ अनाबद्ध निधि, डीएमएफटी, सांसद व विधायक निधि से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से क्रियान्वित की जा रही अपूर्ण योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया कि लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी योजना का कार्य पूर्ण करने के पश्चात उसका सत्यापन भली-भांति सुनिश्चित किया जाए, ताकि हैंडओवर की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनी रहे।
उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाई जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे जिले के समग्र विकास में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजूर, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजूर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## माकपा के वरिष्ठ नेता 80 वर्षीय कॉमरेड एस पी तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीपीआई (एम) का झारखंड राज्य सचिव मंडल अपने पूर्व सचिवमंडल सदस्य कॉमरेड एसपी तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है. आज सुबह पटना के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे. माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के दौरान तत्कालीन एसएफआई के नेताओं प्रकाश करात एवं सुनीत चौपड़ा के सम्पर्क में आने के बाद वे एस एफ आई से जुड़ गए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. उन्होंने जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह किया। उन्हें सीपीआई (एम ) बिहार राज्य सचिव मंडल के सदस्य के रूप में भी निर्वाचित किया गया।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनजीटी के आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया कि मानसून सत्र (10 जून 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक) के दौरान जिले के सभी बालू घाटों से बालू के खनन पर पूर्णतः रोक रहेगी। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का बालू खनन अथवा परिवहन न हो, इसके लिए सतत निगरानी की जाए। बैठक में जिले में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। साथ ही, बालू के अवैध भंडारण की भी जांच कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।

## मंत्री हफीजुल हसन के सफल ऑपरेशन के लिए मस्जिदों में की गई दुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनाब हफीजुल हसन साहब के कामयाब ऑपरेशन और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए मधुपुर विधानसभा क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में जुमे की नमाज़ के बाद विशेष दुआएं मांगी गई। जनाब हफीजुल हसन न केवल एक राजनेता हैं, बल्कि मधुपुर की आवाम के दिलों में बसने वाले एक सच्चे खिदमतगार के तौर पर भी जाने जाते हैं। उनकी जनता के प्रति सेवा भावना और हर वर्ग के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों ने उन्हें एक ÷हरदिल अज़ीज़÷ नेता के रूप में स्थापित किया है। आज जुमे की नमाज़ के बाद मस्जिदों में इमामों की अगुवाई में लोगों ने हाथ उठाकर दुआ की कि अल्लाह तआला जबनाब हफीजुल हसन साहब को जल्द से जल्द पूरी तरह से सेहतयाब कर दे और उन्हें लंबी उम्र अता फरमाए ताकि वह इसी तरह अवाम की सेवा करते रहें। मस्जिदों में मौजूद बुजुर्ग, नौजवान और बच्चों ने भी दिल से दुआ मांगी, जिससे पूरे मधुपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र हर एक मस्जिदों में भावनात्मक माहौल देखने को मिला। यह नज़ारा यह साबित करता है कि हफीजुल हसन न केवल एक जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि जनता के दिलों में बसने वाले एक रहनुमा भी हैं, जिनकी सलामती के लिए लोग खुदा के दरबार में झुककर फरियाद कर रहे हैं।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न, मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं जन-जागरूकता पर दिया गया जोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध व्यापार तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में विशेष रूप से जप्त किए गए मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण (नष्ट करने) की प्रक्रिया को तेज गति से पूरा करने पर चर्चा हुई। साथ ही नशीली वस्तुओं की पहचान हेतु ड्रग डिटेक्शन किट क्रय की कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, जिससे समय रहते संदिग्ध पदार्थों की जांच की जा सके। औषधि निरीक्षक को जिले में फार्मासिस्ट दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध निलंबन या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त, युवाओं एवं आमजन के बीच नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। बैठक में De-addiction सेंटर की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर अग्रेषित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि नशा छुड़ाने के इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक उपचार व परामर्श मिल सके। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में किसी भी केन्द्रीकृत स्थान या प्रमुख क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर कोटपा एक्ट के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उपायुक्त ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयासों को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सामान्य शाखा प्रभारी प्रिंस गोडविन कुजूर, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमन समेत अन्य मौजूद रहे।

## करौं थाना में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** अनुमंडल क्षेत्र के करौं थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद ने की। इस मौके पर ज़िला परिषद सदस्य ललन कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक दिवेश कुमार भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरि उरांव, थाना प्रभारी दीपक कुमार भारती सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सभी लोगों से अपील की गई कि मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। थाना प्रभारी दीपक कुमार भारती ने कहा कि त्योहार में शांति भंग करने या हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। थाना प्रभारी ने ज़िला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशासन को सहयोग करें, ताकि मोहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

## शांति समिति की बैठक संपन्न, अखाड़ा कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा ।** मोहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न अखाड़ा कमेटियों के साथ थाना प्रभारी विनय कुमार ने बैठक कर कई दिशा निर्देश दिया। तिलैया थाना परिसर में हुई बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए कहा कि सभी अखाड़ा कमेटियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबियों से जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने विभिन्न अखाड़ा कमेटियो को अपने वालंटियर के लिए पहचान पत्र जारी करने के साथ साथ अखाड़ा अनुशासन का पालन करने और घातक हथियार के प्रदर्शन पर रोक सहित कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने अखाड़ा कमेटियों को आश्वस्त किया कि पुलिस अपनी नजर बनाए रखेगी। उन्होंने अखाड़ा कमेटियों को जुलूस निर्धारित समय पर निकलने की अपील की ताकि वे अपने-अपने ताजिया को समय पर कर्बला मैदान लेकर पहुंच सके।

## मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। थाना क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के सदस्यों समेत प्रतिनिधियों और दर्जनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता सीओ यामुन रविदास ने किया। मुख्य रूप से कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, नगर परिषद प्रशासक सुरेंद्र किस्कु, सहायक विधुत अभियंता दीपक कुमार, नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम मौजूद रहे। सीओ यामुन रविदास ने शांति समिति में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाएं मधुपुर की मधुपुरियत कायम रहे और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाए। वहीं एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों के सहयोग लेने हुड़दंगयू पर नजर रखने आदि पर विचार विमर्श किया गया कहा कि पर्व के दिन हुड़दुम करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व पर पुलिस की गश्ती की जाएगी कर्बला, इमाम बाड़ा समेत विभिन्न मोहल्लों में जगह-जगह अखाड़े में महिला पुलिस की ड्यूटी रहेगी।बैठक में आए लोगों से पूर्व के दौरान संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पर पैनी नजर रखने और उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। मौके पर नगर पुर्व नप अध्यक्ष फैयाज कैसर, संजय यादव, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी डाक्टर राकेश कुमार रवि, रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो, आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद, डा0 संजीत कुमार,हाजी रकिब अंसारी, मोती सिंह,अरबींद तिवारी, प्रकाश मंडल, मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू, एनुल होदा, आदिल रशीद, कन्नू लाल कन्हैया, अलताफ हुसैन उर्फ बीके, अली अहमद, गुड्डू दुबे, सब इंस्पेक्टर शौकत खान, एएसआई सामंत कुमार, हाजी अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद सिराज, अरविंद सिंह यादव, अजय सिंह, मुशर्रफ हुसैन, मोहम्मद नसरुल शेख, सकलेन अनवर, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद अयूब अंसारी, यूनुस मियां, सिराज शाह, मोहम्मद शमशेर, मोहम्मद आफताब आलम, आजाद शेख, मोहम्मद इजहार अहमद खान, पप्पू शेख, मोहम्मद असलम, प्रतिनिधि समेत अखाड़ा समिति के मुजाबर, उस्ताद व सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक किशोर घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** थाना क्षेत्र शुक्रवार को खुट्टा स्थित बरियारपुर मोड़ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक किशोर के घायल होने का मामला प्रकाश में है । घायल किशोर मिथुन कुमार 14 वर्ष पिता महेंद्र चौधरी ग्राम मांझने निवासी के रूप में पहचान की गई है। घायल अवस्था में परिजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार किया गया है ।डॉक्टर ने बताया कि घायल व्यक्ति के दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई है ।व्यक्ति बासोडीह की ओर से अपने घर मंझने जा रहा था तभी दुर्घटना हुई है।

## आय में वृद्धि को लेकर किसानों को बकरी वितरण की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखंड परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस आयोजन को लेकर मौके पर आठ लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया गया जिसमें रोहित बिरहोर ग्राम गझहर, रीता देवी ग्राम कलीडीह,केदार राय ग्राम भुल्लाडीह,ट्यूनी देवी ग्राम ठेसवा, विनती देवी , चंद्रिका राय ग्राम कोठियार,साबो देवी,बिरमा देवी ग्राम रामसाला, आदि लोगों के बीच बकरी पालन को लेकर वितरण की गई है। डॉक्टर रविकांत कुमार ने कहा कि आठ लाभुकों के बीच बकरी पालन के लिए दिया गया है इनमें 90त्न अनुदान और 75त्न अनुदान पर बकरियां प्रदान की गई है इसके तहत किसानों को आय में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा उन्नत नस्ल की बकरियों का वितरण किया गया है।मौके पर बकरियों को किसी भी प्रकार के बीमारी ना लगे जिसको लेकर दवा का वितरण करते हुए लाभुको को रखरखाव की जानकारी दिया गया एवं किसी भी प्रकार के बीमारी लगने पर फौरन डॉक्टर से संपर्क करने को लेकर बताया गया।

## लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी का फूड टू हंगर कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी द्वारा जनसेवा की भावना से प्रेरित साप्ताहिक कार्यक्रम फूड टू हंगर के तहत आज शुक्रवार को जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे शौकत नाज़ जी के काजल टेक्सटाइल्स, हाजी गली, मधुपुर में संपन्न हुआ। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक भोजन पहुंचाना है जो रोजमर्रा की जिंदगी में दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते हैं। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी के सचिव शीलू समद ने सभी सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस अभियान से जुड़ने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। लायंस क्लब का यह प्रयास न केवल मानवीय संवेदना को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि समाज में सेवा की भावना अभी भी जीवित है और जरूरतमंदों के लिए मददगार हाथ बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान दिया।

## भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु, श्याम भजनों पर झूमे लोग, श्याम मित्र मंडल द्वारा भव्य कीर्तन आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** नगर के प्रमुख धार्मिक संगठन श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भवानी ट्रेडर्स (विपिन पांडेय) के प्रतिष्ठान में एक भव्य कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भजनों की मधुर धुनों पर झूमते हुए भक्तिरस में सराबोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम के भव्य दरबार से हुई, जिसे केसर, चंदन, पुष्पों, धूप-दीप और रत्नों से अलंकृत किया गया था। वातावरण में भक्ति की महक फैल गई और श्रद्धालु बाबा श्याम की भव्यता में लीन हो गए। पूजन-अर्चना आचार्य गौतम पांडेय द्वारा संपन्न कराई गई। यजमान के रूप में आयोजनकर्ता विपिन पांडेय एवं उनकी पत्नी पूजा पांडेय ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित की। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद करीब सवा पांच घंटे तक चले भजन संध्या में आए भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।मौके पर राधिका शांडिल्य,पंकज केसरी, मनोज माथुर,दीपक बसंत,गिरधारी सोमानी, सीमा सहल, ममता चौधरी के भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य लोग एवं श्याम प्रेमी उपस्थित थे, जिनमें पप्पू सिंह, संजय पिलानिया, विवेक सहल, दीपेश जेठवा, रंजीत चौधरी, अमित संघई, यश बंसल, मनोज लढ्ढा, सज्जन शर्मा, धीरज जोशी, चंद्रशेखर जोशी, अर्जुन संघई, राजकुमार बोहरा, अजय शर्मा, संजय रवानी, किशन संघई, राजीव कालरा, प्रेम पांडेय, अनुराग सिंह, पियुष सहल, बिनोद पोद्दार, अरुण मोदी, संजय खेमानी, सोनी जायसवाल, मधु सिंह, सीमा सहल, ममता चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन गिरधारी सोमानी ने कुशलतापूर्वक किया। उन्होंने अपनी वाणी और भक्ति के माध्यम से पूरे आयोजन को एक सूत्र में बांधे रखा और श्रद्धालुओं को श्याम प्रेम में डुबो दिया।

## अवैध बालू लदा ट्रक जब्त, पूर्वी टुंडी थाना में एफआईआर दर्ज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने आज पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त किया है।इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में दोपहर लगभग 12¬45 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में पूर्वी टुण्डी से गोविन्दपुर की ओर आ रहे एक ट्रक, रजिस्ट्रेशन नंबर यू.पी. 78 ए.टी. 5166, को बिना परिवहन चालान के बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्वी टुण्डी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नजरी नक्शा तैयार करने में सुपरवाइजर करेंगे बीएलओ का सहयोग : एसडीओ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 40 धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी - सह - अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने आज अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में धनबाद विधानसभा के सभी बीएलओ सुपरवाइजर को नजरी नक्शा, की मैप (मुख्य मानचित्र), जियो फेंसिंग, टेक्निकल पोइंट इत्यादि तैयार करने में बीएलओ का सहयोग करने का निर्देश दिया।साथ ही सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने तथा धनबाद विधानसभा के सभी एईआरओ को इसकी स्वयं जांच करने का निर्देश दिया।इसके अलावा उन्होंने वैसे मतदान केंद्र जहां 1200 या 1200 से अधिक मतदाता है, उसे चिन्हित करके नया मतदान केंद्र बनाने या मर्ज करने का प्रस्ताव देने तथा जिस बिल्डिंग में चार से अधिक मतदान केंद्र है उसके लिए पोषक क्षेत्र में सरकारी भवन चिह्नित करने का निर्देश दिया।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बताया कि 5 जुलाई तक एईआरओ और ईआरओ द्वारा नक्शों एवं टर्निंग पॉइंट्स के कॉ-ऑरडिनेट्स की जांच की जाएगी। जबकि 7 जुलाई को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नक्शों और डेटा शीट की प्रतियां मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं 14 से 19 जुलाई तक डाटा को ईआरओ नेट पर अपडेट किया जाएगा।

## प्रिंस खान गैंग के सैफी उर्फ मेजर के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह से जुड़े सैफी उर्फ मेजर पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पुलिस की टीम ने सैफी उर्फ मेजर के घर पहुंच कर कुर्की की कार्रवाई के तहत इश्तहार (पोस्टर नोटिस) चिपकाया।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सैफी उर्फ मेजर पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा है। कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अगर सैफी उर्फ मेजर तय समय सीमा के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसकी संपत्ति की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। प्रिंस खान गैंग पर लगातार शिकंजा कसने के क्रम में पुलिस पहले ही कई सदस्यों की गिरफ्तारी कर चुकी है और अब फरार आरोपियों की धर-पकड़ के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है।

## बीएमडब्ल्यू के बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एच 1 में सबसे ज्यादा कारें बेचीं




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने एच 1 2025 में अब तक की सबसे ज्यादा कार डिलीवरी दर्ज करते हुए अपने मजबूत प्रदर्शन को और आगे बढ़ाया है। जनवरी से जून 2025 के बीच कंपनी ने कुल 7,774 बीएमडब्ल्यू और मिनी कारें तथा 2,569 मोटरसाइकिलें बेचीं। इस दौरान बीएमडब्ल्यू ब्रांड की 7,477 यूनिट्स और मिनी की 297 यूनिट्स की बिक्री हुई।दूसरी तिमाही (अप्रैल से जून) में हर महीने अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई।विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ' क्त्ता की मजबूत परफॉर्मेंस को जारी रखते हुए, हमने एच 1 में शानदार नतीजे हासिल किए हैं। चुनौतियों के बावजूद, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने+10त्न की ग्रोथ दर्ज करते हुए लग्ज़री सेगमेंट में नए अवसरों को तेजी से अपनाया है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर हमारा फोकस गेम-चेंजर साबित हो रहा है और भारत में बीएमडब्ल्यू सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला लग्ज़री ईवी ब्रांड बन गया है, जिसमें +234त्न की शानदार वृद्धि देखने को मिली है। हमारे स्ङ्क्षह्य और सेडान दोनों में लॉन्ग व्हीलबेस लग्ज़री मॉडल्स की मांग बहुत ज्यादा है, क्योंकि ये कम्फर्ट और शानदार परफॉर्मेंस का बेहतरीन संयोजन पेश करते हैं।

# 4 काले कृषि कानूनों की तरह मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड भी वापस ले मोदी सरकार : राजेश यादव

### 9 जुलाई देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में तैयारी हुई तेज, सदर प्रखंड में चला फॉरवर्ड ब्लॉक का अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिरिडीह :** केंद्र की मोदी सरकार देश के करोड़ों गरीब मजदूरों का अधिकार छीनने में लगी है। उन्हें 8 घंटे काम के अधिकार से लेकर दूसरे अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है। इसलिए जिस तरह 4 काले कृषि कानूनों को वापस लिया गया, वैसे ही मजदूरों के खिलाफ लाए गए 4 लेबर कोड को भी केंद्र सरकार वापस कर पुराने श्रम कानूनों को फिर से बहाल करे, ताकि मजदूरों के अधिकार सुरक्षित रह सकें।उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने हड़ताल की तैयारी को लेकर आज के जनसंपर्क अभियान के दौरान सदर प्रखंड के बरमसिया (पहाड़पुर) गांव में स्थानीय लोगों के साथ बातचीत के दौरान कही। इस दौरान स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं गई। ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के दोनों बिजली के ट्रांसफार्मर जल जाने से वे अंधेरे में जीवन काटने को विवश हैं। दर्जनों घरों के लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। गांव जाने के लिए कच्ची सड़क बारिश होने से और भी बदतर होकर आवागमन लायक ही नहीं रही। बेहतर सरकारी स्कूल-अस्पताल की तो वे सोच भी नहीं सकते।ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद यादव ने सम्बंधित विभागों से इसका निराकरण करने की मांग की। वहीं, स्थानीय सांसद, विधायक सहित प्रशासन एवं सरकार को भी आड़े हाथों लेकर उन्हें इन जनसमस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। साथ ही, लोगों से अपने हक-अधिकारों के लिए संगठित होने की अपील की। कहा कि, 9 जुलाई की हड़ताल जनाधिकारों से जुड़ी हुई है, इसलिए उस दिन के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक नेता पंकज वर्मा सहित झारखंडी मंडल, जानकी मंडल, उमेश मंडल, रामधनी मंडल, निर्मलमंडल, सकलदेव मंडल, बासुदेव मंडल, संदीप मंडल, शंकर मंडल, फागू प्रसाद मंडल, सुखदेव मंडल, गांगो मंडल, देवलाल मंडल, ढालो मंडल, चमटु मंडल अन्य मौजूद थे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही आई सामने, तालाब में लगा दिया ट्रांसफार्मर, करंट से एक मवेशी की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** गुरुवार को विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण एक मवेशी की जान चली गई। मामला बिरनी प्रखंड क्षेत्र के केन्दुआ पंचायत के ग्राम चितरना की है जहां तालाब में पानी पीने आया एक बैल की करंट लगने से मौत हो गया। इस बीच ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा बिजली का एक ट्रांसफार्मर तालाब में लगा दिया गया जिसकी तारें भी जर्जर की स्थिति में है। सुबह सुबह जब एक बैल तालाब के पास गया तो ट्रांसफार्मर का करंट जो पूरे तालाब की पानी में दौड़ रहा था उसकी चपेट में आ गया। जैसा कि ग्रामीणों में बताया कि यह एक बड़ा तालाब है जिससे दर्जनों ग्रामीणों के खेतों की सिंचाई इसी तालाब पर निर्भर है साथ ही तालाब गांव के नजदीक होने के कारण प्रत्येक दिन लोग स्नान करने जाते है और अभी तालाब पानी से भर गया है और अभी पूरे पानी में करंट फैल गया है जिससे लोग इस तालाब का लाभ नहीं ले पा रहे है यदि अनजाने में कोई पानी छू लेगा तो जान भी जा सकती है यदि विभाग द्वारा समय रहते इसे नहीं हटाया तो बहुत बड़ी घटना हो सकती है।

## मोहर्रम पर फलाहुल मुस्लिम नौजवान कमेटी करेगी दर्जनों अखाड़ों का इस्तक़बाल, ज़िक्र ए शहादत का भी होगा अयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम के अवसर पर फलाहुल मुस्लिम नौजवान कमेटी द्वारा जमाडोबा में विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत दर्जनों अखाड़ों का भव्य स्वागत किया जाएगा। खिलाड़ियों एवं आमजन की सुविधा हेतु जगह-जगह लंगर और शरबत की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है, जिससे वातावरण उत्सवमय हो उठा है। कमेटी द्वारा एक विशेष स्टेज भी तैयार किया गया है, जहां से आयोजन का संचालन किया जाएगा। साथ ही, आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, खिलाड़ियों एवं एम्बुलेंस के आवागमन को ध्यान में रखते हुए दर्जनों (वोलेंटियर्स) की तैनाती की गई है। यह (वॉलेंटियर्स) पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। दूर-दराज से आने वाले खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से शरबत व लंगर की व्यवस्था की गई है। खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसी भी प्रकार की चोट अथवा अस्वस्थता की स्थिति में तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया जा सके। मोहर्रम की नौवीं तारीख को ईशा की नमाज़ के बाद 'ज़िक्र-ए-शहादत' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कर्बला की ऐतिहासिक एवं धार्मिक घटनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को इमाम हुसैन की कुर्बानी और मोहर्रम के महत्व से परिचित कराना है। पूरे कार्यक्रम की निगरानी स्थानीय प्रशासन द्वारा की जाएगी, जिसमें जोरापोखर थाना प्रभारी की विशेष उपस्थिति सुनिश्चित रहेगी। आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हो। अंत में, कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज 04.07.2025 को हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (उत्तर) राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) श्री रामाश्रय पाण्डेय एवं आरवीएनएल, इरकॉन एवं राइट्स के अधिकारीगण उपस्थित थे । बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने पिछले वर्ष निर्माण संगठन द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।समीक्षा बैठक में पावर प्वायंट प्रजेंटेशन के माध्यम से निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने मुजफ्फरपुर-सगौली एवं सगौली-बाल्मिकीनगर दोहरीकरण, समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना, हाजीपुर-सगौली, अररिया-सुपौल एवं खगड़िया-कुशेश्वरस्थान नई लाईन, कोडरमा-तिलैया नई लाइन, नेउरा-दनियावां एवं बरबीघा-शेखपुरा नई लाइन एवं अन्य परियोजनओं का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने पर बल दिया । महाप्रबंधक ने मोकामा में राजेन्द्रपुल के समानांतर निर्माणाधीन नए पुल के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि इसे समय पर पूरा किया जा सके । इसी क्रम में सोननगर-अंडाल तीसरी एवं चौथी लाईन तथा पतरातु-सोननगर तीसरी लाइन की कार्य प्रगति की भी महाप्रबंधक ने समीक्षा की । उन्होंने आरओबी/आरयूबी/ बाईपास के निर्माण पर जोर दिया ताकि बिना अवरोध के रेल एवं सड़क यातायात जारी रह सके ।बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने पर बल दिया।पूर्व मध्य रेल द्वारा संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 2024-25 में परिचालन दक्षता में वृद्धि हेतु दरभंगा बाईपास एवं ललितग्राम बाईपास का कार्य पूरा किया । वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में कुल 07 आरओबी एवं 19 आरयूबी का निर्माण कार्य पूरा किया गया तथा 27 समपार फाटकों को बंद किया गया । सकरी-निर्मली, झंझारपुर-लौकहाबाजार तथा सहरसा-फारबिसगंज का आमान परिवर्तन कार्य पूरा किया गया । इसके साथ ही 30 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की कमीशनिंग की गई । वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 161 किमी नई लाइन तथा 190 किमी दोहरीकरण परियोजना से जुड़े कुल लगभग 350 किलोमीटर का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई।उपायुक्त आदित्य रंजन ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति एवं पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी से ली।

## बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ ने विधायक के साथ ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री से मिलकर सोपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बघमारा प्रखंड मुखिया संघ बघमारा विधायक के आगवाई मे ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री झारखण्ड सरकार से मिलाकर कई मांगो को रखा। बाघमारा प्रखण्ड धनबाद जिला एवं झारखण्ड के सभी मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों के निम्नलिखित मांग रखा जिसमे15वें, वित्त आयोग मद के अब तक के सभी बकाया किस्तों का भुगतान किया जाय। राज्य वित्त आयोग मद का पैसा अविलम्ब दिया जाय। मुखिया समेत सभी पंचायत के प्रतिनिधियों का मानदेय बिहार सरकार के तर्ज पर दिया जाय। पंचायत प्रतिनिधि मुखियाओं को सुरक्षा के दृष्टिकोण से हथियार का लाइसेंस दिया जाय । बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के नेतृत्व में मुखिया संघ बाघ मारा पंचायत प्रतिनिधियों के समस्या का मांग पत्र राज्य के पंचायतीराज मंत्री को दिया साथ ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भी अवगत कराया।

# मुहर्रम को लेकर महुदा पुलिस अंचल निरीक्षक के नेतृत्व में क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना अंचल के अंतर्गत मुहर्रम त्योहार को देखते हुए शांति व्यवस्था को लेकर महुदा अंचल निरीक्षक ममता कुमारी के नेतृत्व में छ थाना के पुलिस के साथ अंचल क्षेत्र में फैलेंग मार्च किया गया । महुदा पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी के नेतृत्व में महुदा थाना, भाटडीह ओपी ,खरखरी ओपी , मधुबन थाना ,सोनारडीह ओपी ,धर्माबांध ओपी पुलिस जवानों और थाना एवं ओपी प्रभारी के साथ महुदा थाना से महुदा बाजार , लालबंगला ,छत्रुटांड , मुरूलीडीह , भाटड़ीह , तेतुलिया -2, बेलाखोन्दा , कुमारडीह , कचर्रा , कंचनपुर , भुर्रुंगिया , कांड्रा , सीमाटांड , तेलमोचो ,कुंजी ,महुदा मोड़ , आदि जगहों का भ्रमण कर फैलेग मार्च करते हुए लोगों को शांति और सद्भावनाओं के साथ मुहर्रम त्योहार मनाने का अपील किया गया । फैलेग मार्च में इन्स्पेक्टर ममता कुमारी ,थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ,ओपी प्रभारी अनुप कुमार सिंह , एस आई बाजुम हेम्ब्रम , एएसआई बिनोद कुमार राम ,एस के शर्मा ,बिनोद कुमार सिंह , सुबल कुमार गयाली , के अलावे ओपी प्रभारी और थाना प्रभारी और कई पुलिस जवान मौजूद थे ।

# स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सुगमता पूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिरिडीह :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने पत्र प्रेषित कर स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सुगमता पूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। स्थानीय ग्रामीणों को सुगम तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलें, सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी की भी लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबकी जवाबदेही तय की जाएगी। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। इसके अलावा उपायुक्त ने सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक उपचार केंद्र, हेल्थ सब सेंटर समेत सभी अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है ताकि आमजनों को स्वास्थ्य संबंधित परेशानी न हो। साथ सभी अस्पतालों में साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में अस्पतालों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को बरसात में होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय से भी अवगत कराया जाए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है, जिससे कि आमजनों को स्वास्थ संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी हो और लोग इसका लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने कहा कि कुछ दिन पूर्व स्थानीय मीडिया और एक्स (ङ्ग) से प्राप्त डुमरी प्रखंड के कुसुमाकुरा गांव में डायरिया से जुड़ी मामले सामने आए थे, जिसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए सिविल सर्जन एवं संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए थे। साथ ही साथ सभी संक्रमित मरीजों का बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया गया था, जिसके आलोक में सभी मरीज का समुचित इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके साथ ही कुसुमाकुरा गांव में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की जा रही है एवं बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में बताया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा मौके पर उपस्थित होकर सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

## जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिरिडीह :** उपायुक्त, रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।

# हाथी के हमले ने छीना बेटा, मुन्ना सिंह ने थामा परिजनों का हाथ, मुआवज़ा दिलाने में निभाई सक्रिय भूमिका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग ज़िले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास की असमय मृत्यु ने पूरे इलाके को शोक और पीड़ा में डुबो दिया है। शुक्रवार की सुबह जब रंजीत शौच के लिए गुड़वा जंगल गया था, तभी जंगली हाथी के अचानक हमले में उसकी मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना न केवल एक परिवार को उजाड़ गई, बल्कि पूरे समाज को मानव और वन्यजीव के बीच बढ़ते संघर्ष की भयावहता का एहसास भी करा गई। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुँचे। जहां उन्होंने पूरे घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखियां पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर 50,000 की तात्कालिक मुआवज़ा राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई।



उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवज़ा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को दी जाएगी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मुन्ना सिंह जी ने कहा कि यह केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक और पारिस्थितिकीय चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव को अब गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकार से मैं आग्रह करता हूं कि ऐसी घटनाओं पर त्वरित, मानवीय और संवेदनशील प्रतिक्रिया देनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं इस मामले में निगरानी करते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि रंजीत के परिवार को न्याय, आर्थिक सहायता और सामाजिक सम्मान मिल सके। सिंह ने यह भी माँग की कि जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएँ बनाई जाएँ। चेतावनी प्रणाली, सुरक्षा दीवारें, वन निगरानी टीमों और पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक समन्वित रणनीति बनाई जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# मोहर्रम पर्व को लेकर बरही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में, विधि-व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

### एसडीओ, एसडीपीओ समेत पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी रहे मौजूद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही मोहर्रम पर्व को लेकर बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार नजर आ रहा है। शुक्रवार को बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू के नेतृत्व में बरही चौक एवं आस-पास विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जुलूस के संभावित मार्ग, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई और सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी बिंदुओं की गंभीरता से जांच की। निरीक्षण के दौरान बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ अमित किस्कू, बरही थाना प्रभारी आभास कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। एसडीओ जोहन टुडू ने स्पष्ट निर्देश



दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से तैनात रहेगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि मोहर्रम मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार है, ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। वहीं डीएसपी अजीत कुमार विमल ने अपील की है कि स्थानीय नागरिक, समाजसेवी और ताजिया कमेटियां प्रशासन को पूरा सहयोग दें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और भव्य रूप में सम्पन्न हो सके।

# एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना को लेकर अंबाजित के ग्रामीणों और कंपनी के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक एवं एमडीओ बीजीआर कंपनी के अधिकारियों और अंबाजीत गांव के ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। ग्रामीणों ने एनटीपीसी और बीजीआर कंपनी के अधिकारियों के समक्ष बारी-बारी से अपने विचार को रखा। ग्रामीणों ने सर्वप्रथम विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली दुरुस्त करने की मांग रखी। इन मांगों पर कंपनी के अधिकारियों ने आश्वस्त करते हुए जल्द ही विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली दुरुस्त करने की बात कही। ग्रामीणों ने आगे बताया कि हम ग्रामीण बहुत पहले से चाह रहे थे कि एनटीपीसी के अधिकारी हम ग्रामीणों के बीच वार्ता करने आए। वहीं एनटीपीसी



के अधिकारियों ने कहा कि अब चरणबद्ध तरीके से बादम कोल ब्लॉक के विस्थापित प्रभावित हर एक गांव में ग्रामीणों से वार्ता करके ही आगे का कार्य करेंगे और बादाम कोल ब्लॉक को एक मॉडल के रूप में स्थापित करेंगे। बैठक में एनटीपीसी के अधिकारियों में मुख्य रूप से विनोद भोयर, एम एच मंजूनाथ एवं सुरजीत चौधरी के अलावा सैकड़ो ग्रामीण और रैयत उपस्थित थे।

# सामाजिक चेतना और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद को सार्वजनिक पुस्तकालय में दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय में शुक्रवार को महान चिंतक, राष्ट्रनिर्माता और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वजनिक पुस्तकालय समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे ने की, जबकि कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रमेश ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए कहा कि विवेकानंद आज भी युवाओं के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जिस मजबूत राष्ट्र का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। उपाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व, उनके जीवन दर्शन, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार और सामाजिक सुधारों में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं




जितने उनके जीवनकाल में थे। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिवा निषाद, बाबूलाल यादव, मनोज मुखिया, सचिन यादव, मनितोष यादव, रघु मोदी, सहदेव शर्मा, धनेश्वर यादव, दीपक भगत, ज्योतिष यादव, बीरेंद्र सिंह, नकुल राणा और शंभू माली समेत कई स्थानीय बुद्धिजीवी, समाजसेवी और पुस्तकालय समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभा के अंत में स्वामी विवेकानंद के विचारों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दोहराया गया।

# शिक्षा, संस्कृति, उत्थान न्यास का स्थापना दिवस समारोह पर आभासी बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** शिक्षा, संस्कृति ,उत्थान न्यास का स्थापना दिवस समारोह पर आभासी बैठक गुरूवार को संपन्न हो गया। विदित हो की यह साप्ताहिक समारोह पूरे देश में 2 से 8 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। समारोह कि आभासी बैठक ओंकार ध्वनि से शुरू की गई। प्रस्तावना उद्बोधन न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रोफेसर विजय कुमार कुमार सिंह ने किया। शिक्षा बचाओ आंदोलन आज देश व्यापी हो गया है। आंदोलन देश भर में पाठ्यक्रमों में पुस्तकों में वर्णित मान- सम्मान के बिन्दुओं के खिलाफ की गई बेबुनियाद टिप्पणियों के खिलाफ था। इस आभासी बैठक में बतौर मुख्य वक्ता क्षेत्र अध्यक्ष प्रोफेसर सविता सेंगर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की विस्तृत जानकारी दी। समारोह का संचालन




न्यास के प्रांत संयोजक महेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में न्यास के कार्यकर्ता एवं अनेक शिक्षाविद उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्षीय संबोधन एवं धन्यवाद ज्ञापन न्यास के झारखंड प्रांत के अध्यक्ष प्रोफेसर पीयूष रंजन ने किया।

# सीपीआई के वरिष्ठ नेता कामरेड जीतू महतो को श्रद्धांजलि



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वयोवृद्ध नेता, जन आंदोलनों के सजग प्रहरी और सामाजिक न्याय के लिए जीवनभर संघर्षरत रहे कामरेड जीतू महतो के निधन पर पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सह सीपीआई के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव एवं आंदोलनकारी नेता पुष्कर महतो तथा रांची जिला मंत्री व कार्यालय सचिव कामरेड अजय कुमार सिंह ने कामरेड जीतू महतो के निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कामरेड भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, झारखंड राज्य परिषद की ओर से हम कामरेड जीतू महतो के योगदान को सादर नमन करते हैं और उन्हें क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कहा कि कामरेड जीतू महतो और कामरेड मंजूर हसन खान ने महाजनी जुल्म के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन की शुरुआत की थी। वे हर जन आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहे। 1966 से लेकर अंतिम दिनों तक वे पार्टी की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेते रहे। जब भी मुलाकात होती थी, पार्टी और जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा करते थे। वे पार्टी के सच्चे, कर्मठ और ईमानदार सिपाही थे। उनके आदर्शों को आत्मसात कर पार्टी कार्यकर्ताओं को जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को तेज करना चाहिए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मुखिया महेंद्र राम, निजाम अंसारी, अधिवक्ता शंभू कुमार, शौकत अनवर, समीम खान, मस्जिद अंसारी, खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मो. हकीम एवं अशोक राम प्रमुख रूप से शामिल थे।

# वाल्व खराब , लाखों लीटर स्वच्छ पीने का पानी सड़क पर बह कर हुआ बर्बाद : सीटू



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने आयुक्त, नगर निगम, हजारीबाग को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है की शुक्रवार सुबह लगभग पाँच बजे छठ तालाब के पास टावर नंबर एक का सप्लाई वाल्व खराब हो जाने के कारण जहां एक ओर सप्लाई का पानी नहीं चला वहीं दूसरी ओर लाखो लीटर स्वच्छ पीने का पानी सड़क पर बहते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के रास्ते मुख्य नाला में जा मिला .टावर नंबर 1 से शहर के बड़े इलाका पूरा मेंन रोड, नूरा, ओकनी, नवाबगंज, खिरगांव पुल के इस पार सहित कई इलाकों में इस टावर से पानी जाता है लेकिन उचित देखरेख के अभाव में आम जनता को पीने का पानी के लिए परेशान होना पड़ता है. नगर निगम के अधिकारी जो पानी सप्लाई को देखते हैं उनको सुबह ही फोन करके इसकी जानकारी गणेश कुमार सीटू ने दी गई पर 1꞉00 बजे दिन तक कोई कार्रवाई हुई नहीं और पानी बहता रहा . जब से पानी सप्लाई का जिम्मा ठेकेदार को दिया गया है तब से आए दिन पानी के सप्लाई में बाधा होते रहता है. पत्र की प्रति उपायुक्त, हजारीबाग को मिलकर सीटू ने दिया इस पर उपायुक्त ने तुरंत नगर निगम को फोन कर भल्ब ठीक करने का आदेश दिया. पत्र में गणेश कुमार सीटू ने शहर वासियों के हित में आग्रह किया है कि तत्काल इसको ठीक किया जाए ताकि कल शहर वासियों को पानी मिल सके अगर इसे ठीक नहीं किया जाएगा तो पार्टी जिला कमेटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी.

### गौरियाकरमा प्लस टू विद्यालय में पुस्तकालय व शौचालय का विधायक ने किया शुभारंभ

# पुस्तकालय ज्ञान का सागर होता है, इसमे गोता लगाने वाला जीवन में सफलता हासिल करते हैं : मनोज कुमार यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बरही प्रखंड अंतर्गत परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय, गौरियाकरमा में शौचालय, पुस्तकालय एवं अन्य विविध निर्माण कार्यों का शुभारंभ बरही विधायक मनोज कुमार यादव के करकमलों से किया गया। यह निर्माण कार्य डीएमएफटी फंड के तहत प्राक्कलित राशि 1 करोड़ 37 लाख रुपये से कराया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज और क्षेत्र की वास्तविक प्रगति का मूल आधार है। एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण तभी संभव है जब हमारे बच्चे बेहतर शिक्षण वातावरण में अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि बरही विधानसभा क्षेत्र के हर स्कूल में गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि ग्रामीण



बच्चों को भी वही सुविधाएं प्राप्त हों जो शहरों में आम तौर पर उपलब्ध होती हैं। गौरियाकरमा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय, स्वच्छ शौचालय और अन्य सुविधाएं बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करेंगी। विधायक ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, प्रधानाचार्य तुलेश्वर प्रसाद मेहता, शिक्षकगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को एक नई दिशा देगा। विद्यालय प्रशासन ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्माण कार्य विद्यालय के छात्रों के लिए लंबे समय तक लाभकारी सिद्ध होगा और इससे उनकी पढ़ाई में भी सुधार होगा। कार्यक्रम में संजय कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य बीरेंद्र पांडेय, जितेंद्र रजक, मनोज कुशवाहा, प्रकाश प्रजापति, ईश्वर भुइयां, विनोद भुइयां सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ सलाहकार किशोरी किशुन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के वरिष्ठ सलाहकार एक्स सीआरपीएफ किशोरी किशुन का गुरुवार शाम को देहावसान हो गया, वे बादम बड़का गांव के रहने वाले थे ।पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि अच्छे व्यक्तित्व मृदुभाषी, समाज और संगठन के लिए हमेशा समर्पित व्यक्ति का यूं चले जाना परिवार के साथ-साथ संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है । बताते चले की किशोरी किशुन 24 साल सीआरपीएफ में सेवा देकर सेवानिवृत हुए थे।अपने पीछे दो बेटे अरुण और अजय दो बहुएं पत्नी राधा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि मृत्यु अटल सत्य है सबको एक न एक दिन जाना है लेकिन इनका जाना संगठन के साथ मेरे लिए भी व्यक्तिगत क्षति है, ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिवार के हृदय में धैर्य बनाए रखें।अंतिम यात्रा में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव अवध कुमार भारती, सदस्य महेश राम , मनोज गोप, सचिन कुमार के साथ साथ भाई असिस्टेंट कमिश्नर रोशन राम, स्थानीय मुखिया दीपक दास एवं समाज के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# विभावि के दर्शनशास्त्र विभाग में कुलाधिपति व्याख्यान आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वाधान में शनिवार को अपराह्न 12:30 को चांसलर लेक्चर सीरीज के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रविंद्र के एस चौधरी मुख्य वक्ता होंगे। यह जानकारी देते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया की व्याख्यान का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दर्शन, चिंतन और जीवन दर्शन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके आयोजन में विभागीय शिक्षक डॉ यामिनी सहाय, श्री विजय कुजूर तथा विभाग के शोधार्थी केंद्रीय भूमिका में होंगे।

# बरसोत में किसान गोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



### 150 किसानों के बीच धान, मक्का और सब्जी के उन्नत किस्म के बीज मुफ्त में किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के बरसोंत पंचायत में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना अंतर्गत किसान गोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महिला किसानों ने बढ़ चढ़ कर भाग ली, जिन्हें 150 किसानों के बीच धान, मक्का और सब्जी के उन्नत किस्म के बीज मुफ्त में वितरण किया गया। मौके पर आईसीएआर गौरियाकरमा के तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार ने खरीफ फसल की नए तकनीकी से खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बताया कि ये सभी उन्नत किस्म के बीज हैं। उपज के बाद बीज को अगले वर्ष फसल तैयारी के लिए रख सकते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा उपज प्राप्त हो सकेगा। मौके पर मौजूद महिला किसानों को उन्नत बीज से नई तकनीक की खेती की जानकारी दी गई। उक्त सभी बीज महिला किसान एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बरसोत के द्वारा वितरण किया गया।

# मुहर्रम-2025 के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु निषेधाज्ञा जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा मुहर्रम-2025 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 4 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 की रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा।निषेधाज्ञा आदेश के मुख्य बिंदु में जिला दंडाधिकारी से अनुमति के उपरांत ही धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा।पूर्व से रिकॉर्ड किए गए संगीत/डीजे बजाना निषिद्ध रहेगा। सभी धार्मिक स्थलों (मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि) में किसी प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम, सभा, गोष्ठी, जलसा आदि का आयोजन निषेध रहेगा।संध्या 10 बजे के बाद कोई भी धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा।मुहर्रम पर्व के अवसर पर व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ भाषण/शब्द/मैसेज/ऑडियो/वीडियो आदि प्रसारित करना वर्जित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति/एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार का अफवाह फैलने पर उस स्थान पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी पूरी कर्मठता एवं विवेक से उसे निपटने हेतु द्रुतगामी उपलब्ध स्थान से वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे।यह निषेधाज्ञा प्रतिनियुक्त पुलिस बल, सरकारी कर्मियों, शाही विवाह, शव यात्रा आदि पर लागू नहीं होगी।निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी आदि कई बिंदु को दर्शाए । यह आदेश सदर अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लागू किया गया है।

# 7वीं की शाम को मोहर्रम अखाड़ों के साथ निकाला गया जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम अकीदतमंदो ने मुहर्रम की सातवीं की शाम को इमाम हुसैन को याद करते हुए अखाड़ों का मिलान किया और जुलूस निकाला जिसमें या अली या हुसैन के नारे लगाए। इसी दिन सुबह में ही लोग नहा धो कर अपने अपने क्षेत्र के कर्बला में फातेहा ख्वानी करते हैं जिसमें महिला पुरूष बच्चे बूढ़े सभी शामिल होते हैं। बरही के रसोइया धमना कर्बला एवं कोनरा कर्बला में हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने फातेहा ख्वानी किया। शाम में सभी अखाड़े को गश्ति जुलूस के साथ घुमाया गया। वही बरही शाकरी मोहल्ला अखाड़ा मेंबर मो रियाजुल हक ने बताया के मोहर्रम शुरू होते ही पहली तारीख से सभी इमाम बाड़े पर शाम को फातेहा ख्वानी होती है और दसवीं मोहर्रम तक फातेहा ख्वानी किया जाता है। दसवीं मोहर्रम को झांकी एवं जुलूस निकाला जाता है। जिसमें इस वर्ष बरही से लगभग 7 झांकी निकाली जाएगी जिसमें अलग अलग एवं आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। लगभग सभी मोहल्लों से ताजिया भी निकाली जाएगी।

# शिवनाथ अग्रवाल का अक्षय कीर्ति है तुलसी मानस मंदिर का निर्माण : डॉ. सत्यकेतु संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगरः** सनातनी धर्मगुरु डॉ. सत्यकेतु संजय ने कहा कि दीप बूझ जाता है पर उसकी दीप्ति (प्रकाश) नहीं बुझती। उसी प्रकार मनुष्य का शरीर नष्ट हो जाता है पर उसके अवदान अमिट हो जाते हैं। डालटनगंज के साहित्य समाज चौक स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर का निर्माण शिवनाथ अग्रवाल की एक अक्षय कीर्ति है।उनपर संतों,तीर्थों,विद्वानों, महापुरुषों की कृपा थी। वे श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति के सचिव थे। प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी से पूर्णिमा तक नौ दिनों तक चलनेवाले श्रीरामचरितमानस का पाठ एवं प्रवचन का आयोजन करवाते थे। राम और रामायण में उनकी गहरी आस्था थी। वे कहा करते थे कि यह काम हनुमानजी करा रहे हैं,सेवक शिवनाथ की कोई औकात है। मानस की अधिकांश चौपाइयां उन्हें कण्ठस्थ थी। छात्र जीवन से 1984 से मैं श्री तुलसी मानस मंदिर और श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति तथा उनसे जुड़ा। वे समिति के महामंत्री थे। उस समय नगरपालिका अध्यक्ष नगरपिता नर्वदेश्वर सिंह उर्फ नरू बाबू समिति के अध्यक्ष थे। सन् 1953 से यह मानस पाठ व प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा है।प्रवचन कार्यक्रम के रजत जयंती 1978 से वे इस गुरुतर कार्य को करते आ रहे



थे।उन्हें स्व.लक्ष्मण त्रिपाठी ने दायित्व दिया था।इस समिति के संचालन मे रामनिवास सिंघानिया, रामनिरंजन केजरीवाल, श्यामसुंदर बजाज, छेदीलाल सराफ, यशवंत सहाय वर्मा, श्यामनंदन सहाय, गिरीन्द्रनाथ सिन्हा, सीताराम सरावगी,राजेश्वरी प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम दास भाटिया, महावीर शर्मा, विश्वामित्र पांडेय और रमाशंकर पांडेय का योगदान रहा। तब से लेकर अब तक इस मंच पर चारो पीठ के शंकराचार्य, स्वामी करपात्री जी, बिंदु जी, कपीन्द्र जी, शकुंतला गोस्वामी, श्रीमती कृष्णा मिश्रा, सरोजबाला त्रिपाठी,हेमलता मुदगल,डॉ रामतवक्या शर्मा,डॉ दिनेश कुमार मिश्र और डॉ मदन मोहन मिश्र आदि विद्वान प्रवचन करने आए। उन्होंने कहा कि 1998 मे बिहार के तत्कालीन गवर्नर सुंदर सिंह भंडारी ने उद्घाटन कर गौरव का अध्याय जोड़ दिया। लेकिन मंदिर की स्थिति चिंतनीय बनी रही। इसके जीर्णोद्धार के लिए वे सतत प्रयत्नशील रहे। दिसंबर 2022 मे तत्कालीन आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने शिलान्यास किया और मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरु हुई। शिवनाथ अग्रवाल ने स्वयं एक लाख ग्यारह हजार देकर आजीवन सदस्यता शुरु की और कई सदस्यो को जोड़ कर भगीरथ प्रयास किया। उनका भौतिक शरीर हमारे बीच नही है लेकिन उनका यश और योगदान युग-युगों तक अक्षुण्ण रहेगा। ऐसे ऋषि चेतना महापुरुष को विनम्र श्रद्धांजलि।

## पूर्णिया में अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण पर होगी रेरा की सख्ती

**पूर्णिया :** अब पूर्णिया में भी रेरा की नजर रहेगी। इसके लिए जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये है। जिलाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में शुक्रवार को रेरा इंक्वायरी कमीशन और नगर क्षेत्र के अंचल अधिकारियों की बैठक हुई। रेरा टीम ने स्पष्ट किया कि 500 वर्गफीट से अधिक के सभी भूखंडों पर रेरा के प्रावधान लागू हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्र में सभी निर्माण की नियमित जांच हो और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। बिना अनुमति निर्माण, अवैध प्लॉटिंग और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में उपभोक्ताओं के अधिकार, स्वीकृति प्रक्रिया और रजिस्ट्रेशन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### चलते चलते एक नजर

## दलाई लामा अपना उत्तराधिकारी खुद तय करें : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली :** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के अनुयायी चाहते हैं कि वे स्वयं अपने उत्तराधिकारी का चयन करें। रिजिजू ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका यह बयान सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं बल्कि एक बौद्ध अनुयायी के तौर पर है। रिजिजू ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बातें कही। उन्होंने कहा,मैं दलाई लामा का भक्त हूं। दुनिया में जो भी लोग दलाई लामा को मानते हैं, वे चाहते हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन वे स्वयं करें। इसमें किसी भ्रम की आवश्यकता नहीं है। इसमें सरकार या मेरी ओर से कुछ कहने की जरूरत नहीं है।इससे पहले उनके तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकार को लेकर दिए बयान पर चीन ने प्रतिक्रिया दी थी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि भारत को तिब्बत से जुड़े मुद्दों पर सावधानी से व्यवहार करना चाहिए और चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को तिब्बत के मामलों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए और भारत-चीन संबंधों के सुधार और विकास पर असर डालने वाले बयानों से बचना चाहिए।अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रिजिजू ने आज हज 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग समय पर आवेदन करें ताकि भविष्य में कोई दिक्कत न हो। सऊदी सरकार ने कई सख्त समय-सीमाएं तय की हैं। वे टूर ऑपरेटरों को निर्देश दे रहे हैं कि वे समयसीमा का पालन करें।

## मोहर्रम पर्व को लेकर विद्युत आपूर्ति पर रहेगा नियंत्रण

**अररिया :** मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस मार्ग में सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार रंजन ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को आवश्यक निर्देश जारी किया है।जारी पत्र में कहा गया है कि 27 जून 2025 को आयोजित शांति समिति की बैठक में पर्व के मद्देनजर जुलूस मार्ग में पड़ने वाले विद्युत तारों एवं खंभों को लेकर चर्चा की गई थी।बैठक में यह बात सामने आई कि दस आना कचहरी के समीप पोल को छोड़ एक खंभे में तार की बॉक्सिंग की गई है, जिसे तकनीकी कारणों एवं समय की सीमा को देखते हुए हटाया नहीं जा सकता है।इसी तरह आलम टोला में छह फीट ऊंचाई से 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार गुजरा है, जिसे भी समय अभाव एवं अनुमति की कठिनाइयों के कारण हटाना संभव नहीं है।इन परिस्थितियों को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने यह निर्देश जारी किया है कि 5 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 10 बजे से 6 जुलाई 2025 को रात्रि 12 बजे या जुलूस समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी।उन्होंने कहा कि इस अवधि में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से स्थगित रहेगी, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जा सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।साथ ही विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि वह उक्त कार्य को समय से पूर्ण कर ले तथा जुलूस मार्ग की भौतिक जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर डीसी समीरा एस ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी।इस दौरान उपायुक्त ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन,जांच और उपचार,अभियान में जनभागीदारी, नाट टेस्ट सहित अन्य गतिविधियों के संबंध में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी से जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक माइक्रोप्लान तैयार करने साथ ही निश्चय मित्र योजना को सफल बनाने हेतु सांसद, विधायक,व्यवसायी, पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर टीबी मरीजों को गोद लेने और फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये।इस दौरान उन्होंने सीएसआर के तहत भी



फूड बास्केट वितरण करने में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये।इसके लिये उन्होंने सीएस को सभी प्रखंड,अंचल व जिला के सभी कार्यालय प्रधान को चिट्ठी लिखकर टीबी के मरीजों को गोद लेने व फ्रूड बास्केट के वितरण में सहभागिता निभाने की बात कही। बैठक में सहायक समाहर्ता,सिविल सर्जन,जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पठानकोट कैंट से 28 जुलाई को दक्षिण भारत की पुण्ययात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

**एजेंसी**

**जयपुर :** दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह विशेष रेलगाड़ी आगामी 28 जुलाई को दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा पर रवाना हो रही है। 13 दिवसीय यह भव्य यात्रा पठानकोट कैंट स्टेशन से शुरू होगी और यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। जो आध्यात्मिक अनुभव, सुविधा और किफायती दरों का अनूठा संगम होगी। इस ट्रेन की शुरुआत पठानकोट कैंट स्टेशन से होगी। इसके प्रमुख बोर्डिंग पॉइंट में जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल,



पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा कैंट और ग्वालियर शामिल हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा 12 रात और 13 दिनों की होगी, जिसकी वापसी 9 अगस्त को तय की गई है।सीपीआरओ शशिकिरण के अनुसार यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में सीटें- स्लीपर क्लास (640 सीटें), 3 एसी स्टैंडर्ड (70 सीटें), और 2एसी कम्फर्ट (50 सीटें) उपलब्ध हैं । वहीं किराया भी काफी किफायती रखा गया है। स्लीपर क्लास 30,135, 3 एसी43,370 और 2 एसी 57,470 प्रति व्यक्ति (सभी दरें जीएसटी सहित)। इस पैकेज में ट्रेन टिकट के साथ-साथ दैनिक भोजन, आरामदायक आवास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एसी/नॉन-एसी बस, टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सकीय सुविधा आदि शामिल हैं।

# गढ़वा : उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने आज समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकम्पा पर नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।सर्वप्रथम चिनिया प्रखंड के डोल निवासी दीपक कुमार रवि ने मनरेगा योजना के तहत उन्हें स्वीकृत गाय




एवं बकरी सेड निर्माण कार्य चालू कराने का अनुरोध किया है। चिनिया प्रखंड के डोल निवासी सोनामती कुंवर ने अपने रैयती भूमि पर कब्जा दिलाने हेतु अनुरोध किया है। एक अन्य मामले में ध्रुव कुमार,वार्ड नं. 3, ऊंचरी, गढ़वा ने आवेदन समर्पित कर बताया कि आरसीआईटी कॉलेज, विश्रामपुर पलामू द्वारा उन्हें उनका मूल प्रमाण-पत्र वापस नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे आरसीआईटी कॉलेज, विश्रामपुर पलामू में सत्र 2023-27 में बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) पाठ्यक्रम में नामांकित हुए थें। एक वर्ष तक पढ़ाई की, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्हें यह कोर्स छोड़ना पड़ा। प्रवेश के समय कॉलेज ने उनके मूल प्रमाण-पत्र मांगे थें। उनसे प्रमाण-पत्र के रूप में 10वीं की अंकपत्र और प्रमाणपत्र, 12वीं की अंकपत्र और प्रमाणपत्र, स्थानांतरण प्रमाणपत्र,चरित्र प्रमाणपत्र, माइग्रेशन प्रमाणपत्र मांगे थें। परन्तु अब जब उनके द्वारा कॉलेज से अपने मूल दस्तावेज़ वापस मांगे गयें तो कॉलेज प्रशासन ने यह कहकर मना कर दिया कि जब तक वे चार वर्षों की पूरी फीस नहीं जमा करतें, तब तक दस्तावेज़ नहीं दिए जाएंगे। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले की जांच कराने और कॉलेज प्रशासन को उनके मूल प्रमाण-पत्र बिना किसी दबाव या शर्त के तत्काल वापस कराने हेतु निदेशित करने का निवेदन किया।

## महागठबंधन के नेताओं के साथ राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचे तेजस्वी

**पटना :** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शुक्रवार को महागठबंधन के नेताओं के साथ राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचे और लिस्ट पुनरीक्षण कार्य पर आपत्ति जताई। इस दौरान तेजस्वी यादव के साथ वीआईपी चीफ मुकेश सहनी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावा महागठबंधन के कई नेता मौजूद रहे। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को लेकर बिहार की सियासत में नया विवाद छिड़ गया है। एक तरफ जहां सत्ताधारी दल इसका समर्थन कर रहे हैं तो वहीं विपक्ष ने इसे बड़ा मुद्दा बनाकर सरकार और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा है।

# फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद ईडी के सामने पेश हुए

**एजेंसी**

**हैदराबाद :** तेलुगु फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। ईडी अधिकारियों ने रामकृष्ण इलेक्ट्रॉनिक्स और यूनियन बैंक घोटाला मामले में अरविंद से करीब 3 घंटे तक पूछताछ की। बाद में अधिकारियों ने अल्लू अरविंद को अगले हफ्ते फिर से ईडी के सामने पेश होने का आदेश दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि अल्लू अरविंद का रामकृष्ण इलेक्ट्रॉनिक्स और रामकृष्ण टेलीटेक्ट्रॉनिक्स में वित्तीय अनियमितताओं से कोई संबंध है या नहीं। यह घटनाक्रम फिल्म जगत में चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म निर्माता अल्लू से तीन घंटे तक सवाल पूछे। उनसे रामकृष्ण इलेक्ट्रॉनिक्स और रामकृष्ण टेलीटेक्ट्रॉनिक्स में 2018-19 के



बीच हुए बैंक घोटाले के बारे में पूछताछ की गई।इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम पर दो कंपनियां बनाई गई थीं। इन दोनों कंपनियों ने मिलकर यूनियन बैंक से 101 करोड़ रुपये का कर्जा लिया था। आरोप है कि इन लोन का इस्तेमाल निजी जरूरतों के लिए किया गया। इतना ही नहीं, लिया गया लोन चुकाया भी नहीं गया।जांच एजेंसी के मुताबिक इन दोनों कंपनियों की खरीदी गई संपत्तियों और किए गए लेन-देन में अल्लू अर्जुन का नाम प्रमुख है। इसीलिए ईडी अधिकारियों ने आज उनसे पूछताछ की। ईडी ने अगले हफ्ते फिर से जांच के लिए पेश होने का नोटिस दिया है। अल्लू अरविंद ने इस जांच के सम्बन्ध में मीडिया से कुछ भी कहने से इनकार किया। इस घोटाले में अरविंद की भूमिका के बारे में जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। अल्लू अरविंद वर्तमान में गीता आर्ट्स के बैनर तले कई फिल्मों का निर्माण कर रहे हैं।

# मप्र के सभी विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा पर 10 जुलाई को होगा दो दिवसीय उत्सव




**एजेंसी**

**भोपाल :** प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरुवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने शुक्रवार को बताया कि जारी निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये। इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे। उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में भारतीय मूल्यों संस्कृति आधारित शिक्षा के लिये कई उल्लेखनीय कदम उठाये गये हैं। उनमें से एक विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया जाना भी एक है।

## छत्तीसगढ़ में स्टॉप डैम धंसने से लापता बुजुर्ग का 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**महासमुंद/रायपुर :** महासमुंद जिले सिंघोडा थाना क्षेत्र के रक्सा गांव में तेज बारिश के बाद स्टॉप डैम धंसने से एक बुजुर्ग मुरूम में दब गया। जमीन में दबे बुजुर्ग शोभा राम का 24 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है। सराइपाली एसडीएम नम्रता चौबे ने शुक्रवार को बताया कि पानी का बहाव तेज है। घटना स्थल के आसपास पानी रोकने का प्रयास जारी है, 24 घंटे से लगातार हम बुजुर्ग को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। हर संभव कोशिश जारी है और उम्मीद है कि जल्द ही बुजुर्ग को बाहर निकाला जाएगा। एसडीएम ने बताया कि अधेड़ की 15 से 20 फीट नीचे दबे होने की आशंका है। पोकलेन मशीन की सहायता से मिट्टी हटाया जा रहा है। ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। ओडिशा से एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है। गोताखोर नाले के अंदर जाकर भी अधेड़ को खोजने की कोशिश कर रहे हैं।

# यूपी के निर्यात विज़न को मिला राष्ट्रीय मंच

**एजेंसी**

**नई दिल्ली-लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में एक वृहद और प्रभावशाली रोड शो का आयोजन कर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 की तैयारियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थापित करने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है।

इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) के सहयोग से आयोजित इस रोड शो ने यूपी के उद्योगों, निर्यात क्षेत्रों और स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और दूतावास अधिकारियों के समक्ष आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस 2025 केवल ट्रेड शो नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के हर जिले की शक्ति,



परंपरा और नवाचार का वैश्विक प्रदर्शन है। यह राज्य के निर्यात विज़न का आईना है, जिसे मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नये आयाम मिल रहे हैं। प्रमुख सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग आलोक कुमार ने कहा कि हर संस्करण के साथ यूपीआईटीएस स्थानीय व्यवसायों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में सेतु बन रहा है। अब समय है कि यूपी के उत्पाद वैश्विक ब्रांड बनें और यह रोड शो उसी दिशा में हमारा आत्मविश्वास दिखाता है।फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस के महानिदेशक एवं सीईओ डॉ. अजय सहाय ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब वैश्विक खरीदारों के लिए एक विश्वसनीय सोर्सिंग डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। वहीं इंडिया एक्सपोज़ीशन मार्ट लिमिटेड और यूपीआईटीएस के सह-आयोजक डॉ. राकेश कुमार ने इसे राज्य के हर कोने के उत्पादों की एक साझा वैश्विक झलक बताया। रोड शो में ऑस्ट्रिया, कनाडा, वियतनाम, सिंगापुर, नॉर्वे जैसे देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों, निर्यातक संगठनों, खरीद सलाहकारों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। बी2बी बैठकें, ओडीओपी प्रदर्शनी, निर्यात संवर्धन क्षेत्र और आगामी ट्रेड शो की थीम 'अल्टीमेट सोर्सिंग बिगिन्स हेयर'को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।